


# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र





अल नासर छोड़ रहे हैं दिग्गज रोनाल्डो! -पेज: 7

कर्नल बिकुमल्ला का रोल निभाएंगे सलमान -पेज: 8



वर्ष: 01 | अंक: 50 | बुधवार- 28 मई 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 4 रुपए


## 'नॉट फाउंड सूटेबल' नया मनुवाद, वंचित वर्गों को शिक्षा तथा नेतृत्व से दूर रखने की साजिश: राहुल



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि सरकारी पदों की भर्तियों में 'नॉट फाउंड सूटेबल' (कोई योग्य नहीं मिला) की श्रेणी नया ₹मुनवाद₹ है और यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के युवाओं को शिक्षा तथा नेतृत्व से दूर रखने की साजिश है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के एक समूह के साथ संवाद में यह दावा भी किया मोदी सरकार शिक्षा रूपी हथियार को कुंद करने में लगी हुई है। उन्होंने बीते 22 मई को दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर का दौरा किया था और छात्रों से बातचीत की थी। इस बातचीत का वीडियो उन्होंने मंगलवार को अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'नॉट फाउंड सूटेबल' अब नया मनुवाद है। एससी /एसटी/ओबीसी के योग्य उम्मीदवारों को जानबूझकर 'अयोग्य' ठहराया जा रहा है - ताकि वे शिक्षा और नेतृत्व से दूर रहें।

उनके मुताबिक, बाबासाहेब डॉ बी आर आंबेडकर ने कहा था: शिक्षा बराबरी के लिए सबसे बड़ा हथियार है। लेकिन मोदी सरकार उस हथियार को कुंद करने में जुटी है। दिल्ली विश्वविद्यालय में 60 प्रतिशत से ज़्यादा प्रोफ़ेसर और 30 प्रतिशत से ज़्यादा एसोसिएट प्रोफ़ेसर के आरक्षित पदों को नॉट फाउंड सूटेबल बताकर खाली रखा गया है।

उन्होंने दावा किया कि यह कोई अपवाद नहीं है क्योंकि आईआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालय..., हर जगह यही साज़िश चल रही है।

उन्होंने कहा कि 'नॉट फाउंड सूटेबल' संविधान पर हमला है और सामाजिक न्याय के साथ धोखा है। राहुल गांधी ने कहा, यह सिर्फ़ शिक्षा और नौकरी की नहीं - हक़, सम्मान और हिस्सेदारी की लड़ाई है। मैंने छात्रों से बात की। अब हम सब मिलकर भाजपा/आरएसएस की हर आरक्षण-विरोधी चाल को संविधान की ताक़त से जवाब देंगे।

## संक्षिप्त समाचार


### तृणमूल सांसदों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया। तृणमूल सांसदों ने पत्र में कहा कि सरकार को संसद का विशेष सत्र बुलाकर पहलगाम हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद से निपटने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में लोगों को जानकारी देनी चाहिए। संविधान सदन (पुराना संसद भवन) के केन्द्रीय कक्ष में तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें यह मांग की गयी। बैठक के बाद राज्यसभा में पार्टी की उपनेता सागरिका घोष ने कहा, "हम सभी ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें अनुरोध किया गया है कि पांच जून को सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों के विदेश यात्रा से वापस लौटने के बाद संसद का एक विशेष सत्र आयोजित किया जाए।"



### राजनाथ ने नए लड़ाकू विमान कार्यक्रम के क्रियान्वयन को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय वायुसेना के लिए पांचवीं पीढ़ी के 'मध्यम वजनी उन्नत लड़ाकू विमान' (एएमसीए) को स्वदेशी रूप से विकसित करने की एक बड़ी परियोजना के क्रियान्वयन के लिए "निष्पादन मॉडल" को मंजूरी दे दी है। भारत अपनी वायु शक्ति क्षमता को बढ़ाने के लिए उन्नत 'स्टील्थ' (ऐसे विमान जिनकी हवाई क्षेत्र में मौजूदगी का पता लगाना मुश्किल होता है) विशेषताओं वाले और दुश्मन के क्षेत्र में भीतर तक जाकर लक्ष्य को भेद सकने वाले मध्यम वजन के लड़ाकू जेट विकसित करने की महत्वाकांक्षी एएमसीए परियोजना पर काम कर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि सिंह ने "उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) कार्यक्रम निष्पादन मॉडल" को मंजूरी दे दी है।



### पूर्व आप विधायक नरेश बाल्यान को मकोका मामले में जमानत नहीं मिली

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को मकोका कानून के तहत दर्ज एक मामले में आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश दिग्विजय सिंह ने आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि राहत देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। इस मामले में बाल्यान द्वारा दायर की गई यह दूसरी जमानत याचिका थी। दिल्ली पुलिस ने एक मई को इस मामले में बाल्यान के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। चार आरोपियों - साहिल उर्फ पोली, विजय उर्फ कालू, ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा और बाल्यान के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की कठोर धाराओं के तहत पूरक आरोपपत्र दायर किया गया। सभी आरोपियों को गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू द्वारा कथित रूप से संचालित एक संगठित अपराध सिंडिकेट से संबंधित मामले में गिरफ्तार किया गया था।



## आतंकवाद पाकिस्तान की युद्ध रणनीति है, भारत उसी के अनुसार जवाब देगा: मोदी

**गांधीनगर (ए जेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद कोई परोक्ष युद्ध नहीं, बल्कि एक सोची-समझी युद्ध रणनीति है और भारत उसी के अनुसार जवाब देगा।

पाकिस्तान में गैर-सरकारी और सरकारी तत्वों के बीच कोई अंतर करने से इनकार करते हुए मोदी ने कहा कि पड़ोसी देश आतंकवाद को समर्थन जारी रखते हुए युद्ध में संलग्न है।

मोदी ने यहां गुजरात सरकार के शहरी विकास कार्यक्रम में कहा, "वसुधैव कुटुम्बकम् हमारा संस्कार है, हम अपने पड़ोसियों के लिए भी खुशी चाहते हैं, लेकिन यदि आप हमारी ताकत को चुनौती देंगे तो भारत भी वीरों की भूमि है।" प्रधानमंत्री ने कहा, "हम इसे परोक्ष युद्ध नहीं कह सकते, क्योंकि 6 मई की रात (पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर भारतीय हमलों में) मारे गए लोगों को पाकिस्तान में राजकीय सम्मान दिया गया। उनके ताबूतों पर पाकिस्तानी झंडे लपेटे गए और सेना ने उन्हें सलामी दी।"

उन्होंने कहा, "इससे साबित होता है कि ये आतंकवादी गतिविधियाँ सिर्फ़ परोक्ष युद्ध नहीं हैं, बल्कि उनकी ओर से सोची-समझी युद्ध रणनीति है। अगर वे युद्ध में शामिल होते हैं, तो जवाब भी उसी के अनुसार होगा।"

पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाए जाने के बाद मोदी अपनी पहली गुजरात यात्रा पर थे।

उन्होंने कहा कि वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद और गांधीनगर की अपनी यात्रा के दौरान उन्हें "ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की गर्जना के साथ देशभक्ति का जोश" महसूस हुआ, तथा यह भावना पूरे देश में देखी जा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक कांटा लगातार दर्द दे सकता है, भले ही शरीर कितना भी मजबूत क्यों न हो। उन्होंने कहा कि भारत ने "आतंकवाद के कांटे को निकालने" का मन बना लिया और इसे पूरी दृढ़ता के साथ किया।

उन्होंने आजादी के तुरंत बाद कश्मीर में हुई घुसपैठ का जिक्र करते हुए कहा, "हमें 1947 में कश्मीर में घुसने वाले मुजाहिद्दीनों को मार गिराना चाहिए था" और यदि यह किया गया



होता तो वर्तमान स्थिति उत्पन्न नहीं होती। मोदी ने कहा, "विभाजन के दौरान मां भारती दो टुकड़ों में बंट गई और उसी रात मुजाहिदीन द्वारा कश्मीर पर पहला आतंकी हमला किया गया।" उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने इन्हीं आतंकवादियों की मदद से भारत माता के एक हिस्से पर कब्जा कर लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, "सरदार पटेल की उस समय यह राय थी कि भारतीय सेना को तब तक नहीं रुकना चाहिए जब तक कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर पुनः कब्जा नहीं कर लिया जाता। हालांकि, पटेल की सलाह पर ध्यान नहीं दिया गया।"

मोदी ने कहा, "आतंकवाद की यह विरासत पिछले 75 वर्षों से जारी है तथा पहलगाम में आतंकवादी हमला इसका एक और भयावह रूप था। कूटनीतिक खेल खेलने के बावजूद पाकिस्तान ने बार-बार युद्ध में भारत की सैन्य ताकत का सामना किया। तीन मौकों पर भारत की सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि पाकिस्तान भारत के साथ सीधे सैन्य संघर्ष में जीत नहीं सकता।" उन्होंने कहा कि अपनी हद को समझते हुए पाकिस्तान ने परोक्ष युद्ध का सहारा लिया, प्रशिक्षित आतंकवादियों को भारत में भेजा तथा तीर्थयात्रियों सहित निर्दोष और निहत्थे नागरिकों को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने सिंधु जल संधि को (पहलगाम आतंकी हमले के बाद) स्थगित रखा है और पाकिस्तान पहले से ही इसका असर महसूस कर रहा है।

मोदी ने कहा, "हमारी ओर नदियों (सिंधु जल संधि के तहत आने वाली) पर बांध बनाए गए, लेकिन उनका उचित रखरखाव नहीं किया गया और 60 वर्षों तक गाद निकालने के कार्य की अनदेखी की गई।"

उन्होंने कहा कि जल प्रवाह के नियमन के लिए बनाए गए गेटों को खुला नहीं रखा गया, जिससे भंडारण क्षमता में भारी कमी आई और यह मात्र दो से तीन प्रतिशत रह गई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय लोगों को पानी तक उनकी उचित पहुंच मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हालांकि अब भी महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने बाकी हैं, लेकिन प्रारंभिक उपाय शुरू कर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा, "भारत किसी प्रकार की शत्रुता नहीं चाहता, बल्कि शांति और समृद्धि की आकांक्षा रखता है। देश प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है और वैश्विक कल्याण में योगदान दे रहा है। दृढ़ निश्चय के साथ भारत अपने नागरिकों के कल्याण के लिए समर्पित है।"

### प्रधानमंत्री ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि दी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर मंगलवार को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, "मैं हमारे पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।" नेहरू 1947 में देश के आजाद होने के समय से 27 मई 1964 को अपने निधन तक प्रधानमंत्री रहे। वह भारत के पहले और सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले प्रधानमंत्री थे।

## बाल विवाह, बहुविवाह और दहेज प्रथा की कुरीतियों पर प्रहार है सामूहिक विवाह योजना: मुख्यमंत्री योगी

**गोरखपुर (उप्र) (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए और कहा कि सामूहिक विवाह योजना बाल विवाह, बहु विवाह और दहेज प्रथा की कुरीतियों पर करारा प्रहार है। यहां जारी एक अधिकारिक बयान के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो वह विकास और गरीब कल्याण के कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाते हुए समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है।

मुख्यमंत्री हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के परिसर में 1200 जोड़ों के "मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह" में बोल रहे थे। उप्र सरकार ने सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रति जोड़ा आर्थिक सहायता राशि 51 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी गयी है। बढ़ी हुई धनराशि के साथ आज यह पहला आयोजन था।



मुख्यमंत्री ने कहा कि वास्तविक सरकार वही है जो जनता के घर जाकर उनकी समस्याओं का समाधान निकाल सके।

"मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का ही एक अभियान है। यह कार्यक्रम "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना" की अगली कड़ी है।

## राजनीति कभी-कभी राष्ट्रवाद पर हावी हो जाती है : धनखड़

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को आगाह किया कि कभी-कभी राजनीति राष्ट्रवाद और सुरक्षा जैसे विषयों पर "बहुत हावी" हो जाती है, जिससे राजनीतिक वर्ग को बचने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने "हमारी सोच को व्यापक रूप से बदल दिया है" और भारतीय अब "पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हैं।"

धनखड़ ने सभी राजनीतिक दलों से राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास के मुद्दों पर आम सहमति के साथ काम करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि यह उन (सर्वदलीय) प्रतिनिधिमंडलों में विभिन्न राजनीतिक दलों की भागीदारी से प्रतिबिंबित होता है जो "हमारे शांति के संदेश और आतंकवाद के प्रति नयी दिल्ली के रुख" से अवगत कराने के लिए विभिन्न देशों के दौरे पर गए हैं।



उपराष्ट्रपति ने यहां राज्यसभा प्रशिक्षुओं के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा, "हाल की घटनाओं को देखते हुए... हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। हमारे पास एकजुट रहने और मजबूत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है... संस्थाओं की तरह, यहां तक कि राजनीतिक दलों का भी राष्ट्रीय हित के प्रति नैतिक कर्तव्य है, क्योंकि अंततः सभी संस्थाएं -- विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका -- का केंद्र बिंदु राष्ट्रीय विकास, राष्ट्रीय कल्याण, जन कल्याण है।"

## अयोध्या में विद्युत विभाग ने ट्रेड यूनियन के नेता पर 5.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

**अयोध्या (उप्र) (एजेंसी)** अयोध्या में विद्युत विभाग ने श्रमिक संघ के नेता पर कर्मचारियों की बर्खास्तगी के खिलाफ आंदोलन करने को लेकर 5.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। अयोध्या के विद्युत वितरण खंड के मुख्य अभियंता (वितरण) अशोक कुमार चौरसिया ने कर्मचारी संघ के नेता को नोटिस जारी कर 1,500 बिजली कर्मचारियों की बर्खास्तगी के विरोध में 'धरना-प्रदर्शन' करने को लेकर 5.5 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने को कहा है। 'विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश' की अयोध्या इकाई के जिला अध्यक्ष जय गोविंद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्हें चौरसिया द्वारा हस्ताक्षरित एक




नोटिस मिला है, जिसमें 5.5 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने को कहा गया है।

जब मुख्य अभियंता से यह पूछा गया कि उन्होंने किस कानून की धारा तहत जुर्माना लगाने का नोटिस जारी किया है तब उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "मुझे कोई धारा या कानून नहीं पता है, मैंने सिर्फ नोटिस जारी किया है। कानून की धाराएं पुलिस और न्यायालय तय करेंगे।"

पिछले महीने, 1500 आउटसोर्सिंग बिजली कर्मचारियों की सेवाओं को ₹मानकों के अनुपालन₹ का कारण बताकर समाप्त कर दिया गया था। मुख्य अभियंता द्वारा जय गोविंद को भेजे पत्र में कहा गया था कि 22 अप्रैल से 10 मई तक, वह लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और उच्च तीव्रता वाले लाउडस्पीकर का उपयोग कर रहे थे, जिससे विभागीय कार्य, बिजली आपूर्ति और राजस्व वसूली प्रभावित हुई थी।

## राम मंदिर शिखरों पर सोने की परत चढ़ाने का काम शुरू

**अयोध्या (उप्र) (एजेंसी)** अयोध्या में भगवान श्रीरामलला के भव्य मंदिर के शिखरों पर सोने की परत चढ़ाने का काम शुरू हो गया है।

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि इस मंदिर के शिखरों पर सोने की परत चढ़ाने का काम शुरू हो गया है जिसके अगले दो से तीन सप्ताह में पूरा हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, "हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि यह काम पूरी तरह से तय प्रक्रियाओं और सुरक्षा मानकों के अनुसार हो। इस काम के लिए नियुक्त विशेषज्ञ अयोध्या पहुंच चुके हैं और सोने की परत चढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।"

मिश्रा ने कहा कि मौजूदा निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जा रही



है। उन्होंने कहा, "हमने मुख्य रूप से मंदिर के द्वार, सभा भवन और अतिथि गृह (के कार्य) की प्रगति की समीक्षा की है।

मंदिर का पहला द्वार अब 30 जून तक बनकर तैयार हो जाएगा। पहले इसे मई में पूरा होना था, लेकिन कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण द्वार को फिर से बनाना पड़ा।" उन्होंने कहा कि गेट नंबर 11 अगस्त तक पूरा हो जायेगा और उसके बाद गेट नंबर तीन का काम शुरू होगा। मिश्रा ने बताया कि राम, लक्ष्मण और सीता की मूर्तियां आ गई हैं एवं उन्हें मंदिर की पहली मंजिल पर स्थापित किया जाएगा।

## मंदिरों को सरकारी प्रशासन के भ्रष्टाचार से बचाया जाए : अखिलेश

**लखनऊ (एजेंसी)** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को मंदिरों के प्रबंधन में सरकारी हस्तक्षेप का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि मंदिरों को सरकारी प्रशासन के भ्रष्टाचार से बचाया जाए।



सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच "एक्स" पर मथुरा के एक मंदिर से जुड़ी 51 सेकेंड की वीडियो रिपोर्ट साझा करते हुए कहा कि "मंदिरों को सरकारी प्रशासन के भ्रष्टाचार से बचाया जाए।" वीडियो रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मथुरा में बांके बिहारी मंदिर के मामलों के प्रबंधन के लिए एक ट्रस्ट का गठन किया गया है। यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत सरकार पर बेहतर प्रशासन के बहाने देश भर के प्रमुख मंदिरों पर परोक्ष नियंत्रण का आरोप लगाया। अपने लंबे पोस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि सभी बड़े मंदिरों पर सरकार के प्रबंधन के बहाने भाजपा और उनके संगी-साथी अप्रत्यक्ष रूप से अपना क़ब्ज़ा करते जा रहे हैं।

## संपादकीय

# पंजाब में कार्टून व गुजरात में भूतों को मज़दूरी

श्रमिकों को घर के पास जीविका उपार्जन के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शुरू की गई मनरेगा से जुड़ी धांधलियां अकसर उजागर होती रहती हैं। ताजा घटनाक्रम में ठेकेदारों व निहित स्वार्थी तत्वों की सांठगांठ को ऑनलाइन भुगतान के जरिये बेनकाब किया गया, जिसमें लाखों फर्जी श्रमिकों को भुगतान के मामले उजागर हुए। निश्चित रूप से ये घटनाएं हमारे समाज में येन-केन-प्रकारेण धन अर्जन की लालसा को ही उजागर करती हैं। साथ ही नैतिक मूल्यों के पतन की गाथा भी कहती हैं। ऐसे ही पंजाब के गुरदासपुर के गाजीकोट गांव में उजागर हुआ कार्टून घोटाला एक हास्यास्पद, लेकिन बेहद परेशान करने वाला उदाहरण है कि भ्रष्टाचार के लिये किस हद तक गिरा जा सकता है। कथित तौर पर पंचायत सदस्यों ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा के तहत मजदूरों की उपस्थिति को फर्जी ढंग से दर्शाने के लिये एक सरकारी स्कूल के गेट पर बनाए गए कार्टूनों का सहारा लिया। इन चित्रों के साथ लाभार्थियों की तसवीरें मजदूरी के सबूत के तौर पर अपलोड की गई। विडंबना देखिए कि उस काम के लिए भुगतान लिया गया जो कभी किया ही नहीं गया था। दरअसल, पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने एक योजना के तहत स्कूल की दीवारों पर पेंटिंग्स बनायी थी, जिससे छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया जा सके। लेकिन शातिर लोगों ने उसका दुरुपयोग मनरेगा में घोटाले को अंजाम देने के लिए किया। निश्चय ही यह हमारे समाज में कुशासन, नैतिक पतन और तकनीकी खामियों की घातक जुगलबंदी को दर्शाता है। इस घोटाले का एक बेशर्म पहलू यह भी था कि कथित तौर पर पंचायत अधिकारियों के करीबी दो भाइयों को कार्टून के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस तरह काल्पनिक काम के लिये बेशर्मी से भुगतान कर दिया गया। यही वजह है कि मनरेगा के तहत वित्तीय आवंटन व योजना के क्रियान्वयन को व्यावहारिक बनाने की मांग लंबे समय से की जाती रही है। इसका कारण यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्य व अदृश्य बेरोजगारी दूर करने में इस योजना की बड़ी भूमिका रही है।

निस्संदेह, लंबे अरसे से मनरेगा के तहत मजदूरी देने में धांधली के आरोप लगते रहे हैं। यह केवल पंजाब के गुरदासपुर का मामला ही नहीं है, हाल के वर्षों में पूरे देश में इस तरह की धोखाधड़ी के मामले उजागर होते रहे हैं। कुछ दिन पहले, गुजरात में एक राज्य मंत्री के बेटों से जुड़े 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में फर्जी प्रोजेक्ट और अन्य धांधलियां सामने आई थीं। मृत व्यक्तियों के नाम पर भी भुगतान किया गया। कुछ माह पूर्व कर्नाटक में, पुरुष श्रमिकों ने महिला जॉब कार्डधारकों का रूप धारण करने के लिये साड़ी पहनी थी। ये उदाहरण ग्रामीण आजीविका और सम्मान को बनाये रखने के लिये बनायी योजना का मजाक उड़ाने वाले हैं। दरअसल, ऐसे घोटालों का उजागर होना अंतत: कल्याणकारी कार्यक्रमों में जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाता है। सही मायनों में ऐसी धांधलियों से वास्तविक लाभार्थियों के हितों को नुकसान पहुंचता है। साथ ही ऐसी घटनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अभाव संगठित भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित करता है। निस्संदेह, ऐसी धांधलियों को दूर करने के लिये गहन तथा प्रणालीगत सुधारों की आवश्यकता है। दरअसल, तसवीरों में धांधली और उपस्थिति रिकॉर्ड में हेराफेरी रोकने के लिये डिजिटल उपकरणों के माध्यम से तीसरे पक्ष द्वारा समय-समय पर निगरानी की जानी चाहिए। साथ ही एक पारदर्शी शिकायत निवारण व्यवस्था भी कायम की जानी चाहिए। इसके अलावा दोषी अधिकारियों तथा बिचौलियों के खिलाफ त्वरित दंडात्मक कार्रवाई भी उतनी ही जरूरी है।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती कार्यक्रम का किया गया आयोजन

» सब का सपना





**बहजोई/संभल:** डीआर रिसोर्ट इस्लामनगर रोड़ बहजोई में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स विभाग एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति रहे।

कार्यक्रम के आयोजक जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव रहीं। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि का पुष्प देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री एवं जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा माता अहिल्याबाई होल्कर की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किये तथा माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन चरित्र पर नाटिका प्रस्तुत की तथा दर्जी काका की नाटिका भी प्रस्तुत की गयी।

मुख्य अतिथि माननीय प्रभारी मंत्री जी ने माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से सभी को सीखना चाहिए उन्होंने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, उन्होंने महिलाओं को आगे बढाने का प्रयास किया। वह एक कुशल शासिका थीं। उन्होंने देश भर में प्रमुख मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया था। सम्भल में स्थित प्राचीन कल्कि मंदिर का भी जीर्णोद्धार करवाया था। मा. प्रधानमंत्री जी एवं मा. मुख्यमंत्री जी ने मातृशक्ति को आगे बढाने का प्रयास किया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनपद में जिला पंचायत द्वारा विगत 4 वर्षों में लगभग 300 किमी सड़कों एवं नाला नाली का निर्माण कराया है।

परिषदीय 125 विद्यालयों में शौचालयों का निर्माण कराया गया। 5 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया तथा शीतल पेयजल हेतु 41 आर ओ ग्राम पंचायतों में तथा जिला पंचायत द्वारा निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल का भी संचालन कराया जा रहा है तथा ग्राम मौलनपुर डांडा के नंदी अभ्यारण में दो शैडों का निर्माण तथा जिला पंचायत कार्यालय तथा आवासीय भवनों का निर्माण इन चार वर्षों में कार्य कराया गया।मा. जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि माता अहिल्याबाई होल्कर ने मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया तथा कुटीर उद्योगों की स्थापना में भी माता अहिल्याबाई होल्कर जी का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। उन्होंने इस पंचायत सम्मेलन के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर जी को घर घर तक पहुचाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को घर घर तक पहुंचाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर जी ने प्राचीन कल्कि मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। यह एक कुशल शासिका थीं तथा लोककल्याणकारी नीति के अनुसार इनको जाना जाता है।

कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को मुख्य अतिथि मा. प्रभारी मंत्री जी ने प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एवं जिला पंचायत अध्यक्ष जी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए भाजपा पदाधिकारियों को शील्ड एवं शॉल ओढाकर एवं माता अहिल्याबाई होल्कर जी की तस्वीर देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन भुवनेश राघव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओमवीर सिंह खडग़वंशी, पूर्व लोक सभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, ब्लॉक प्रमुख बनिया खेड़ा डॉ.सुगंधा सिंह, जिला महामंत्री कमल कुमार कमल, नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, मंजू दिलेर, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह, कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, खंड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह, संतोष देवी, कुलदीप चाहल,जनपद मीडिया प्रभारी भाजपा मुकुल रस्तोगी, अखिलेश अग्रवाल, अर्जुन वाल्मीकि,गीता प्रधान, डॉ. नरेंद्र सिंह,मुकेश ठाकुर, विरलेश यादव, ह्रदेश यादव, डॉ. टीएस पाल, राखी सिरोही, हरिओम शर्मा, शिखर गोयल एवं संबंधित अधिकारी एवं ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# फ़िरोज़ अब्बासी उत्तर प्रदेश मिनी गोल्फ एसोसिएशन के अध्यक्ष नामित

» सब का सपना



**अमरोहा:** नायाब अब्बासी डिग्री कॉलेज अमरोहा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष फिरोज़ कमाल अब्बासी को उत्तर प्रदेश मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ़ उत्तर प्रदेश का विधिवत अध्यक्ष घोषित कर दिया गया है ।जिस पर महाविद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है और फिरोज कमल अब्बासी को अध्यक्ष नियुक्त होने पर शुभकामनाये प्रस्तुत की है । ज्ञात रहे कि मिनी गोल्फ फैडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव सूरज सिंह येवतीकर ने सम्बद्धता प्रमाण पत्र जारी करते हुए कहा है कि मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ़ उत्तर प्रदेश का पंजीकृत कार्यालय 423, पूनम विला रामा इन्क्लेब कॉलोनी बुलन्दशहर है, इस एसोसिएशन के अतिरिक्त पूरे उत्तर प्रदेश के किसी भी जनपद में मिनी गोल्फ फैडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा किसी मिनी गोल्फ क्लब या संघ को संबद्धता प्रदान नहीं की है। उन्होंने यह भी कहा है कि यह मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ़ उत्तर प्रदेश का पंजीकरण सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1860 एवं उत्तर प्रदेश सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण नियमावली 1976 के अन्तर्गत सम्बन्धित कार्यालय में कराया जाता है तो मिनी गोल्फ फैडरेशन ऑफ़ इंडिया को कोई आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश एसोसिएशन के श्री फिरोज कमाल अब्बासी अध्यक्ष,श्रीकान्त शर्मा सचिव तथा सत्यपाल सिंह को कोषाध्यक्ष बनाये गए हैं। मंगलवार महाविद्यालय में आयोजित बैठक में प्राचार्या डॉ. लुबना हामिद ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में गोल्फ के खेल का विकास फिरोज कमाल अब्बासी के नेतृत्व में होगा फ़िरोज़ अब्बासी एक लम्बे समय से क्रिकेट की सेवा में लगे है और यहाँ की युवा प्रतिभाओं को तराश कर राष्ट्रीयह व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनाने में लगे हैं ।चीफ प्राक्टर डॉ. महताब अमरोहवी युवा शक्ति के शिल्पकार हैं और शिक्षा एवं खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।इस अवसर पर शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. नसीम अहमद, क़सीम अशरफ, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ.एम. अतहर कमाल, डॉ. तशकील हैदर, डॉ. मुबारक अली, डॉ. सरिता रानी, डॉ. दुर्दाना अकरम फारूकी, डॉ. संगीता रानी गुप्ता, डॉ. निकहत नक़वी, जुनैद आलम,इज़्ज़त अली, डॉ.फरहा सिददकी, उज़मा सैफी,अम्बर सुल्ताना, शिवानी सागर समेत सभी स्टाफ सदस्यों ने फ़िरोज़ अब्बासी को शुभकामनाये देकर उनके दीर्घायु होने की कामना की है।

# भाकियू टिकैत ने किसान समस्याओं के निस्तारण की मांगकर स्टेट हाईवे पर लगाया जाम

» सब का सपना

**मंडी धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं द्वारा मांगों को लेकर ब्लॉक परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया ।

बैठक के दौरान भाकियू के कार्यकर्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र के गांवों में गुलदार का आतंक है वन विभाग द्वारा गांव गांव पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़वाए । आंधी तूफान से क्षतिग्रस्त हुए विद्युत पोल व तारों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए।

ओवर लोड बिजली घरों व ट्यूबवेलो पर लगे ओवर लोड ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जाए। धनौरा बिजली घर के अंतर्गत आने वाले हिरना खेड़ी व लीला खेड़ी गांव में सुचारू रूप से विद्युतापूर्ति की जाए। वेव इंडस्ट्री द्वारा किसानों का बकाया गन्ना भुगतान दिलाया जाए। गन्ना वैरायटी 5009 को 5011 का सर्वे कराया जाए।

वहीं इन समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को 2 बजे तक मौके पर बुलाने की मांग की गई थी। लेकिन किसी भी विभाग से सक्षम अधिकारी समय से बैठक में नहीं पहुंचे जिस पर गुस्साए भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक के सामने ट्रैक्टर लगाकर बदायूं बिल्सी स्टेट हाईवेजाम कर जमकर नारेबाजी की। वहीं भीषण गर्मी के चलते जाम में फंसे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम लगने की सूचना पाकर बछरायूं व धनौरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

## पर्सनालिटी

# विलासराव ने पंचायत से की थी सियासी सफर की शुरूआत

**महाराष्ट्र के लातूर जिले के बाभालगांव में 26 मई 1945 को विलासराव देशमुख का जन्म हुआ था। उन्होंने शुरूआती शिक्षा प्राप्त करने के बाद पुणे विश्वविद्यालय से विज्ञान और आॅर्ट्स दोनों में ग्रेजुएशन किया। फिर पुणे के इंडियन लॉ सोसाइटी लॉ कॉलेज से कानूनी शिक्षा प्राप्त की।**

महाराष्ट्र के कद्दावर नेता और पूर्व सीएम रहे विलासराव देशमुख का 26 मई को जन्म हुआ था। न सिर्फ महाराष्ट्र की राजनीति बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी विलासराव कांग्रेस के अहम सिपहसलार थे। उन्होंने पंचायत से अपने सियासी सफर की शुरूआत की थी और अपनी पहुंच राष्ट्रीय राजनीति तक बनाई थी। महाराष्ट्र कांग्रेस में विलासराव का कद सबसे बड़ा रहा। वह दो बार महाराष्ट्र के सीएम रहे। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर विलासराव देशमुख के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

महाराष्ट्र के लातूर जिले के बाभालगांव में 26 मई 1945 को विलासराव देशमुख का जन्म हुआ था। उन्होंने शुरूआती शिक्षा प्राप्त करने के बाद पुणे विश्वविद्यालय से विज्ञान और आॅर्ट्स दोनों में ग्रेजुएशन किया। फिर पुणे के इंडियन लॉ सोसाइटी लॉ कॉलेज से कानूनी शिक्षा प्राप्त की। बता दें कि उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत पंचायत चुनावों से की थी। पहले विलासराव देशमुख पहले पंच और फिर बाद में सरपंच बने। इसके बाद वह जिला परिषद के सदस्य और फिर लातूर तालुका पंचायत समिति के उपाध्यक्ष पद पर रहे।



### राजनीतिक सफर

इसके बाद युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद से विलासराव देशमुख ने अपने सियासी सफर की बड़ी पारी शुरू की। फिर उन्होंने राज्य की राजनीति में कदम रखा। साल 1980 से लेकर 1995 तक वह लगातार तीन बार विधानसभा के लिए चुने गए। इस दौरान उन्होंने कृषि, पर्यटन, मतस्य, गृह, उद्योग, परिवहन, ग्रामीण विकास, शिक्षा, युवा मामले, तकनीकी शिक्षा और खेल समेत अनेक पदों पर बतौर मंत्री कार्यरत रहे।

वहीं साल 1995 के चुनाव में विलासराव देशमुख को चुनाव में हार मिली। लेकिन किसे पता था कि चुनाव में हारे विलासराव देशमुख के लिए एक बड़ा पद इंतजार कर रहा था। साल 1999 के चुनाव में विधानसभा में उनकी फिर वापसी हुई और वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनें। लेकिन वह अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए। वहीं साल 2004 में वह दोबारा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। विलासराव देशमुख की गिनती राज्य कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में होती थी।

### विवाद

विलासराव देशमुख के मुख्यमंत्री पद का दूसरा कार्यकाल चल रहा था, तब 26/11 का हमला हुआ था। इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए विलासराव देशमुख ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि इस दौरान उनकी काफी आलोचना भी हुई थी। क्योंकि वह सीरियल ब्लास्ट के बाद अपने बेटे और अभिनेता रितेश देशमुख और फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा के साथ ताज होटल का मुआयना करने पहुंचे थे। इस मामले पर विपक्ष ने उनकी जमकर आलोचना की थी।

दरअसल, विपक्ष ने आरोप लगाया था कि विलासराव देशमुख अपने पद का गलत इस्तेमात करते हुए रामगोपाल वर्मा को ताज होटल ले गए थे। हालांकि सीएम पद के इस्तीफे के बाद उन्होंने केंद्रीय राजनीति की ओर रुख किया। वह राज्यसभा के सदस्य बने और साथ ही उनको केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी जगह दी गई।

### मृत्यु

किडनी और लिवर में दिक्कत होने की वजह से विलासराव देशमुख लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वहीं 14 अगस्त 2012 को चेन्नई के ग्लोबल हॉस्पिटल में विलासराव देशमुख ने अंतिम सांस ली।

# लावारिस मानसिक बीमार नाबालिग बालक को बाल कल्याण समिति भेजा

» सब का सपना

**अमरोहा:** अतुलेश कुमार भारद्वाज, अध्यक्ष न्यायपीठ बाल कल्याण समिति जनपद अमरोहा ने जानकारी देते हुए कहा कि थाना अमरोहा जनपद अमरोहा द्वारा एक लावारिस मानसिक मन्दित पलायित नाबालिग बालक नाम अज्ञात को बाल कल्याण समिति, अमरोहा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। लावारिस मानसिक गन्दित पलायित नाबालिग बालक रेलवे स्टेशन जनपद अमरोहा के पास बेहोस अवस्था में पाया गया था जिसे उपचार हेतु जिला संयुक्त चिकित्सालय, अमरोहा में भर्ती करा दिया गया था। बालक मानसिक मन्दित होने के कारण अपना पता एवं परिजनों का पता बताने में असक्षम है।

तदोपरान्त बाल कल्याण समिति, अमरोहा के आदेशानुसार लावारिस मानसिक मन्दित पलायित नाबालिग बालक नाम अज्ञात को आज दिनांक 27.05.2025 को संस्था मिलन ग्रामीण जन कल्याण समिति, सरकारी अस्पताल, सिंह कालौनी, विलासपुर जनपद रामपुर (उ०प्र०) में संवासित करा दिया गया है। बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त प्रयास से लावारिस मानसिक मन्दित पलायित नाबालिग बालक नाम अज्ञात के सगे माता/पिता या किसी परिजन एवं उसका सही निवास स्थान ज्ञात करने को प्रयासरत् है। जैसे ही उक्त बालक के सगे माता पिता या किसी परिजन एवं उसका सही



निवास स्थान ज्ञात हो जायेगा तत्काल प्रभाव से उक्त बालक को उनके सुपुर्द कर दिया जायेगा

## आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन चैकिंग अभियान चलाकर वाहन चालकों के खिलाफ एम वी एक्ट के अंतर्गत की गई कार्यवाही





» सब का सपना

**बहजोई/संभलः** पुलिस अधीक्षक संभल के कुशल निर्देश में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात प्रदीप कुमार एवं यातायात प्रभारी दुष्यंत बालियान के द्वारा मय फोर्स के कस्बा बहजोई के वार्ष्णेय इंटर कॉलेज चौराहे पर विशेष अभियान चलाकर बिना हेलमेट , दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बिठाने को लेकर बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने वालो के खिलाफ एमवी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई ।एवं यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत वाहन चालकों एवं आम जनमानस को यातायात नियमों की जानकारी दी गई एवं भविष्य में पुनरावृति ना करने की हिदायत दी गई जीवन अनमोल है धीरे चले सुरक्षित रहे ।

### ज्येष्ठ माह की बढ़ अमावस्या पर स्नान के लिए उमड़ा श्रृद्धालुओं का शैलाब



» सब का सपना

**धनौरा/अमरोहा** : बड़े बूढ़ों का कहना है कि ज्येष्ठ माह में पड़ने वाली इस अमावस्या को बढ़ अमावस्या कहा जाता है ।इस अमावस्या को भी लोग अपने बड़े बूढ़े ऊत पितरों को मनाने के लिए गंगा स्नान करने जाते हैं तथा उनके लिए और अपने परिवार की सुख शांति के लिए घाटों पर बैठे पंडितों को दान पुण्य करके पूजा अर्चना कराते हैं और पुण्य लाभ कमाते हैं । बता दें कि मंगलवार को भी ज्येष्ठ माह की बढ़ अमावस्या पर गंगा धाम तिगरी एवं बृजघाट में हजारों,लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गंगा में आस्था की डुबकी लगाई । गंगा स्नान के लिए सुबह के तीन बजे से ही लोगों का आवागमन प्रारंभ हो गया था और दिन निकलते ही तिगरी गंगा घाट एवं बृजघाट गंगा घाट लोगों की भीड़ से खचाखच भर गया ।भौर की पहली किरण के लोगों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई,अपने पितरों को याद करके उन्हें अर्ध्य दिया । इसके बाद पितरों को मनाने एवं अपने परिवार की सुख शांति के लिए घाटों पर बैठे पुरोहितों से पूजा अर्चना कराकर दान-पुण्य किया ।उधर तिगरी रोड पर श्रृद्धालुओं के आवागमन को लेकर प्रशासन की तरफ से कोई व्यवस्था ना होने के कारण सड़क पर जाम की स्थिति बन गई ।जिस कारण लोग अपने दुपहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन लेकर सीधे घाटों पर पहुंच रहे थे ।उधर दिल्ली हाईवे पर भी कुछ ऐसा ही हाल देखने को मिला ।

# बाढ़ जैसी घटना रोकने के लिए जिला अधिकारी ने दिए निर्देश

### ऐसी व्यवस्था करें कि बाढ़ से कोई भी हताहत ना होः जिलाधिकारी



» सब का सपना

**हापुड़ः** मंगलबार को जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने बाढ़ से बचाव के लिये जनपद स्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से अपने-अपने विभाग की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें बाढ़ का इंतजार नहीं करना है बल्कि बाढ़ आने से पूर्व ही आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेना है जिससे बाढ़ के समय लोगों को कम से कम हानि हो।

उन्होंने सभी अधिकारियों से पूर्व में बाढ़ से प्रभावित लोगों तथा पशुओं का डाटा संग्रहीत करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि डाटा संग्रहण से तैयारियों को बेहतर रूप दिया जा सकेगा। उन्होंने स्थानीय लोगों के मोबाइल नंबर इकट्ठा करने तथा स्थानीय स्तर पर बैठक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान आवश्यक उपयोगी उपकरण जैसे लाइव जैकेट आदि को पहले ही खरीद कर रख लिया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका गढ़ से जल निकासी के लिए आवश्यक उपकरण जैसे मोटर, मोटर पंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की बाढ़ से निपटने के लिए एक उच्च सुविधाओं से युक्त कंट्रोल रूम की स्थापना हर हालत में कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से जनपद स्तर पर बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक की जा रही है इसी प्रकार स्थानीय स्तर पर भी एक संयुक्त बैठक का आयोजन कर लिया जाए। बैठक का संचालन आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह बघेल ने किया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, एआरटीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विकासखण्ड में मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न



» सब का सपना

**जुनावई/संभलः** जिलाधिकारी के दिशा निर्देशों के क्रम में मंगलबार को ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में विकास खण्ड जुनावई सभागार में संपन्न हुई।

समिति की बैठक में बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुव्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय से वागीश शर्मा द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुये इन योजनाओ के अन्तर्गत पात्र बालको को नियमानुसार लाभान्वित करने हेतु कहा गया। 1098, 181, 112, 1076, 108, 102 आदि हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तृत रूप मे बताते इन्हे सभी को प्रयोग हेतु कहा गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से डा. नरेश यादव, शिक्षा विभाग से मयंक, एन.आर.एल विभाग से सुनिल कुमार एवं हरपाल, सौरभ सेंगर, आदि उपस्थित रहे।

## भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरा के चित्र पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाई गई

» सब का सपना




**संभलः** कांग्रेस कमेटी सम्भल जनपद सम्भल में संयुक रूप से भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्प व माल्या अर्पण किया जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने उनके जीवन पर रोशनी डाली सशक्त और समावेशी भारत का सपना लिए, नेहरू जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखी। सामाजिक न्याय, आधुनिकता, शिक्षा, संविधान और लोकतंत्र की स्थापना में उनका योगदान अमूल्य है। वहीं शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने भी उनकी देश सेवा के बारे प्रकाश डाला और बताया कि हिंद के जवाहर की विरासत और उनके आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। इस अवसर पर दाऊद पाशा, कौस्तुभ रस्तोगी, मरगूब अहमद, मुशर्रफ हुसैन, निसार हुसैन, जुनैद, फुरकान कुरैशी, बिलाल आरिफ, महमूद हसन,प्रेम सिंह, नजरुल हसन, मज़रुल हसन, मन्नान शेख, साजिद हुसैन, आमिर, राशिद हुसैन, सब्बीर हुसैन आदि मौजूद रहे।

## कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के तहत जनसंपर्क कार्यक्रम त्रिवेणी शुगर मिल मे किया गया आयोजित

» मनोज शर्मा/ सब का सपना




**रहरा/अमरोहाः** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के निधि आपके निकट.2.0 के तहत जनसंपर्क कार्यक्रम मेंॱ त्रिवेणी इंजीनियरिंग & इंडस्ट्रीज लिमिटेड, चन्दनपुर, में प्रतिष्ठान के वाईस प्रेसिडेंट अमोद कुमार शर्मा एवं अमेज सिंह, एच. आर. हेड के सहयोग से मंगलवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार, क्षेत्रीय भ नि आयुक्त/प्रभारी अधिकारी एवं मनोज कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय भ नि आयुक्त-II ने भविस्य निधि कार्यालय के टीम प्रशांत श्रीवास्तव प्रवर्तन अधिकारी एवं सहायक के साथ कैंप लगाकर पी एफ से जुड़ी शिकायत एवं जिज्ञासाओं का स्थल पर ही समाधान किया और साथ ही पेंशन योजना के तहत पेंशनरों को मौके पर ही पेंशन भुगतान आदेशो की प्रतियाँ प्रदान की गयीं। इसके साथ ही सभी पेंशनरों को जीवन प्रमाणन हेतु कार्यालय द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों ( 0581 2510832, 9410686028, 0581 2510628, 0591 2488188 )की जानकारी दी ताकि जिन पेंशनरों की पेंशन रुकी हुई है वह अपनी पेंशन शुरू करवाने में कार्यालय से मदद ले सकें साथ ही यह निवेदन किया कि जिन पेंशनरों की मृत्यु हो चुकी है उसकी सूचना भविष्य निधि कार्यालय बरेली को संबंधित व्यक्ति देने का कष्ट करे।

इस अवसर पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की ओर से चलाई जा रही है भविष्य निधि, पेंशन एवं बीमा संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही सभी प्रतिष्ठानों से यह आग्रह किया गया कि वे सभी पात्र कर्मचारियों का भविष्य निधि अंशदान समय से जमा करें और सभी का ई नॉमिनेशन सुनिश्चित करवाए ताकि उन्हें भविष्य निधि लाभों से संबंधित त्वरित सेवा दी जा सके साथ ही यह अपील की कि अगले निधि आपके निकट कैंप में जिन भी पेंशनर्स की पेंशन रुकी हुई है वह जाकर अपना जीवन प्रमाण पत्र करवा लें या बताए गए अन्य माध्यमों से भी जीवन प्रमाण पत्र करवा सकते हैं यह भी बताया गया की वर्तमान में अब पेंशनर अपना पेंशन किसी भी बैंक के किसी भी शाखा से प्राप्त कर सकते हैं।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री राशिद मलिक ने भाजपा नेताओं को शॉल उड़ा कर किया सम्मानित







» सब का सपना



**उझारी/अमरोहाः** उत्तर प्रदेश सरकार मे वन पर्यावरण मंत्री केपी मलिक, हसनपुर विधानसभा के विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी, जनपद के जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी का जिला मंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा एव ख्वाजा ग्रूप के चेयरमैन राशिद मलिक ने अपने उझारी पेट्रोल पंप पर शॉल उडाकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, हसनपुर विधायक महेन्द्र सिंह खडगवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी, भाजपा नेता हिमाशु त्यागी, भाजपा नेता मयंक अग्रवाल, पुर्व विधायक हरपाल सिंह, भाजपा नेता देवेंद्र खड़कवंशी, गजरौला ब्लॉक प्रमुख चौधरी कविंद्र सिंह, अनिल, प्रधान, भाजपा नेता हेमराज सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह सैनी, भाजपा नेता शारीक चौधरी, भाजपा नेता अनीश मलिक, अरमान मलिक आदि लोग उपस्थित रहे एव सभी सम्मानित नेताओं को शॉल उडाकर सम्मानित किया।

## ए0डी0आर0 सेन्टर अमरोहा में रिक्त तृतीय श्रेणी कर्मचारी की निकली भर्ती, करें आवेदन

» सब का सपना

**अमरोहाः** सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ज्योति ने जानकारी देते हुये कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ए0डी0आर0 सेन्टर अमरोहा में रिक्त तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) संविदा के आधार पर 02 पदों पर नियुक्ति हेतु अनिवार्य योग्यता में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण/समकक्ष, हिंदी में 25 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट कम्प्यूटर पर टाइप करने की योग्यता एवं NIELIT द्वारा डी0ओ0ई0सी0सी0 के अन्तर्गत सी0सी0सी0 डिप्लोमा, दिनांक 19.05.2025 को 18 से 40 के मध्य और मासिक पारिश्रमिक की धनराशि (मानदेय) अकंन रूपये 10730/ रू0 प्रतिमाह (मानदेय) निर्धारित है। उन्होनें आवश्यक निर्देश देतु हुये कहा कि आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए, आवेदक का एक से अधिक जीवित पति/पत्नी नहीं होना चाहिए, आवेदक को किसी परीक्षा में बैठने से किसी सक्षम प्राधिकारी/आयोग/न्यायालय द्वारा निषिद्ध न किय गया है, आवेदक को किसी न्यायालय द्वारा किसी आपराधिक मामले में दण्डित नहीं किया गया हो, आवेदक को परीक्षा स्थल पर आने-जाने हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा, आवेदन पत्र सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा उत्तर प्रदेश को संबोधित सील बंद लिफाफे में समस्त वांछित शैक्षिक प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, निवास व चरित्र प्रमाण पत्र की स्वंय प्रमाणित छायाप्रतियाँ तथा दो स्वय हस्ताक्षरित पासपोर्ट साइज फोटो सहित दिनांक 05.06.2025 की सांय 05.00 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमरोहा के कार्यालय में जमा करा सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते हैं। उक्त तिथि के बाद प्राप्त होने वाले अथवा गलत पते पर प्रेषित्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा, आवेदक का चयन टंकण परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा। साक्षात्कार के 60 अंक निर्धारित किये गये है। तथा टंकण परीक्षा क्वालिफाईगं प्रकृति की होगी, आवेदन पत्र के साथ एक स्वःपतायुक्त लिफाफा पंजीकृत डाक हेतु निर्धारित एक टिकट लगाकर प्रस्तुत करे, उपरोक्त विहित पारिश्रमिक/मानदेय पर महंगाई भता या अन्य कोई मता आदि देय नहीं होगा।

# सभी अधिकारी यातायात नियमों का पालन करें: जिला अधिकारी

» सब का सपना

**हापुड़ :** आज कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी, जिसमें हिमांशु गौतम, रमेश कुमार चौबे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), छवि सिंह चौहान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन),शैलेन्द्र सिंह अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, डॉ सुनील कुमार मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक , जिला बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्रचार सहायक सूचनाविभाग तथा सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हापुड़ द्वारा बैठक एजेण्डा के अनुसार बिन्दुवार कार्यवाही प्रारम्भ की गयी जिसमें उपस्थित अधिकारियों, परिवहन व्यवसायी एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत तथ्यों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय द्वारा हिट एंड रन के अंतर्गत आने वाले केसों का डाटा उप जिलाअधिकारी से प्राप्त कर लाभ दिलाने के निर्देश दिये गये। सरकारी कर्मचारियों को भी हेलमेट एवं सीटबेल्ट लगाये जाने के प्रति जागरूक करते हुए उल्लघंन करने वालों के प्रति कार्यवाही के निर्देश दिये गये। निजामपुर एवं ततारपुर ब्लैकस्पॉट पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को साईनबोर्ड लगाये जाने के निर्देश दिये गये साथ ही दुर्घटना में कमी हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश भी दिये गये। इसी के साथ



एन०एच०ए०आई० को निर्देश दिये गये कि ततारपुर एवं निजामपुर बाईपास के पास एन०एच० पर स्पीड डिटेक्टर लगाये जाये। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा दुर्घटना के आंकडे प्रस्तुत किये गये, पी०डब्लू०डी० द्वारा ब्लैक स्पॉट पर की गयी सुधारात्मक कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद में चल रहे स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच करने हेतु सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया तथा बिना फिटनेस के चल रहे वाहनों से संबंधित समस्त स्कूल प्रबंधको को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक के अन्त में रमेश कुमार चौबे, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हापुड़ द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, बैठक समाप्त की गयी ।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय पर पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक




**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** पुलिस उप महानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय पर परिक्षेत्र के सभी एसएसपी,एसपी के साथ अपराध समीक्षा, IGRS,CM हैल्पलाइन, महिला संबंधी अपराधों, प्रचलित अभियनों, अनावरण को शेष अभियोग, उच्चाधिकारीगण से प्राप्त लम्बित प्रकरण,गौवध, धर्मांतरण, व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समीक्षा गौष्ठी कर, आवश्यक दिशा निर्देश दिए, कार्यालय सभागार में जिले के थाना व चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा सर्वप्रथम अभी तक के अपराधों का त्रिवर्षीय तुलनात्मक समीक्षा कर सभी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सहित थाना,चौकी प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये जो,थाना एवं चौकी परिसर में आसपास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे। महिला एवं बच्चों के विरुद्ध घटित अपराधों को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों पर कठोर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

तथा महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी वैधानिक कार्यवाही करें। सीसीटीएनएस, ई-रक्षा ऐप एवं आईसीजेएस का अधिकतम प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। अधिक से अधिक स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटो की तामिली कराया जाना सुनिश्चित करें। सभी थाना,चौकी क्षेत्रों में पुलिस की विजिबिलिटी बढ़ाएं, सामुदायिक पुलिसिंग पर भी काम करें।

पुराने मामलों में फरार आरोपियों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करें आवश्यक हो तो इनाम राशि बढ़ाने हेतु प्रतिवेदन तैयार कर प्रेषित करें।

हत्या, लूट एवं बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों की त्वरित विवेचना कर शीघ्र गिरफ्तारी हो। असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों को पूर्व से चिन्हित कर उन पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें प्रतिबंधित करें तथा जमानत पर रिहा अपराधियों पर सतत निगरानी रखी जाए।

मर्ग प्रकरणों का शीघ्र निराकरण हो, एवं एफएसएल रिपोर्ट विलंब की स्थिति में वरिष्ठ स्तर से पत्राचार किया जाए। अवैध शराब एवं मादक पदार्थ के परिवहन, भण्डारण एवं विक्रय पर कठोर कार्यवाही हो।

# मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई



**सब का सपना संवाददाता**

**कांठ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना कांठ पुलिस द्वारा मंगलवार को महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पटटी कांठ,मुरादाबाद में समस्त छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा तथा उनका ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए शपथ दिलाई।

सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी। सड़क पर वाहन चलाते समय इधर-उधर ना देखें, सीट बेल्ट का उपयोग करें दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने, शराब का सेवन करके वाहन ना चलाएं। लाइट अप्राप्त है,अंधेरा हो सकता है, ध्यान से चलें ,ओवरटेक ना करें। कांठ पुलिस द्वारा कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं को नियमों के बारे में जानकारी देते हुए अवगत कराया और उनको शपथ दिलाई।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म,मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पड़ोसी युवक पर शादी का झांसा देकर तीन वर्ष तक शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में मुकदमा लिखाया है। तेईस वर्षीय युवती का कहना है कि तीन वर्ष पूर्व घर पर अकेली साफ-सफाई कर रही थी। अचानक गांव देवीपुरा निवासी कमल पुत्र चरन सिंह अकेला देखकर घर में घुस आया। आरोपी ने बलपूर्वक जबरदस्ती दुष्कर्म किया। परिजनों से शिकायत करने को कहा तो आरोपी ने शादी करने का भरोसा देकर चुप कर दिया। तभी से आरोपी शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता चला आ रहा है। दो महीने से आज कल कहकर टरका रहा था।अब शादी करने से साफ इंकार कर रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दो सड़क दुर्घटनाओं में सात व्यक्ति घायल

**ठाकुरद्वारा।** दो अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में सात व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु नगर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे ठाकुरद्वारा स्यौहारा मार्ग पर बाबूराम पाल सिंह द्वारा से पहले स्कूटी को विपरीत दिशा से आए डंपर चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में स्कूटी सवार नाजिश पुत्री नाजिर हुसैन और उसकी बहन सायवा गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा घायलों को काशीपुर के निजी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। वहीं ठाकुरद्वारा करनपुर मार्ग पर रतूपुरा के पास बाइक और कार की टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार थाना डीलारी के मलकपुर सैमली निवासी कासिम हुसैन पुत्र मुन्ने खां और उसकी पत्नी आसमा, पुत्री आयजानूर व उसके भाई की पत्नी नाजमा और भतीजी अक्सा घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस चालक दूरजपाल और ईएमटी शिवम यादव ने घायलों को तत्काल उपचार हेतू राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने घायल कासिम हुसैन की हालत गंभीर बताते हुए उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

### स्वतंत्रता सेनानी सूफी अंबा प्रसाद का चौक बनाए जाने की मांग



**मुरादाबाद।** जनपद के निवासी स्वतंत्रता सेनानी सूफी अंबा प्रसाद जी के छापेखाने तथा चौक बनवाए जाने के संबंध में कायस्थ समाज के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल जी से उनके कैम्प कार्यालय पर मिले महापौर द्वारा पूर्णतः आश्वासन दिया गया है, की सूफी अंबा प्रसाद जी चौक जरूर बनेगा एवं सूफी जी की मूर्ति भी रखवाई जाएगी उनका कायस्थ समाज की और आभार बहुत बहुत धन्यवाद जिसमें मुख्य रूप से रहे मेजर वी के भटनागर जी, बॉबी सक्सेना जी, राष्ट्रीय महासचिव संगठन गिरी राज स्वरुप भटनागर जी, डॉ गौरव श्रीवास्तव जी, उप सभापति नगर निगम विजय सक्सेना जी, अनूप भटनागर जी जिला अध्यक्ष मुरादाबाद, डब्लू सक्सेना जी मुख्य सलाहकार पवन भटनागर जी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप भटनागर जी, अभिनव भटनागर जी जिला प्रमुख बजरंग दल अमित भटनागर जी अंकित सक्सेना ,बब्लू श्रीवास्तव , आदि मौजूद रहे।

# लैंगिक उत्पीड़न बचाव हेतु महिलाओं को किया जागरूक



**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज 05 मंगलवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया ।

# विवादित दंपत्ति का कराया समझौता

**सब का सपना संवाददाता**



**मुरादाबाद।** परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र मुरादाबाद के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के 03 विवादित जोड़ा आपसी कलह भुलाकर साथ रहने के हुए सहमत। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में प्रभारी नारी उत्थान केन्द्र अध्यक्षता तथा अनुभवी परामर्श दाता एम पी सिंह के माध्यम से परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र पुलिस लाईन्स मुरादाबाद में मंगलवार को पति-पत्नी संबंधित पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान तीन प्रार्थना पत्र में पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। पत्र में दोनों पक्षों की पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरुआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श द्वारा जोड़ों को नवजीवन की शुरुआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नहीं करेंगे। और आपस में प्यार से रहेंगे।

# वैश्य समाज महिला संगठन ने राहीगीरों को शरबत वितरण किया

**सब का सपना संवाददाता**



**मुरादाबाद।** जनपद के मधुबनी में वैश्य समाज ने शरबत वितरण का आयोजन किया। तपती गर्मी में राहगीरों ने ठंडा शरबत पीकर राहत महसूस की। शहर के मुख्य मार्ग मधुबनी में आम-जनमानस को गर्मी से निजात के लिए शरबत बांटकर लोगों की प्यास बुझाई।

धार्मिक परंपराओं के अनुसार ज्येष्ठ मास का मंगलवार विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं पुरुषों ने भाग लिया। शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती सुनीता गुप्ता द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद कुमार गुप्ता, सुरेंद्र प्रताप गुप्ता, राजीव गुप्ता, महिला जिला संगठन अध्यक्ष सुवी रस्तोगी, भावना गुप्ता, सोनी अग्रवाल, दीपक राज, नीलम गुप्ता, मिलन गुप्ता, अर्पित, अलका गुप्ता, साहनी अग्रवाल, काजल गुप्ता,लता गुप्ता, अजय गुप्ता,ज्योति अग्रवाल, सहपाली गुप्ता, आदि का सहयोग रहा।

# देश के प्रथम प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**सब का सपना संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मंगलवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि राजीव मार्केट में मनाई गई। जिसमें कांग्रेस जनों ने पंडित नेहरू को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताएं मार्ग पर चलने का आवाहन किया।

इस दौरान पीसीसी सदस्य संजीव सिंघल, कार्यवाहक नगर अध्यक्ष सादिक सिद्दीकी, यूथ नगर अध्यक्ष लारिव मंसूरी, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल अनुज वाल्मीकि, हाजी मुस्तकीम, हाजी इकबाल अंसारी, मुस्तफा अंसारी, पंकज प्रजापति, मुकेश कुमार, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

# एसपी देहात ने जनसुनवाई में आए फरियादियों की समस्याएं सुनी



**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं। प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# योग अभ्यास एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सब का सपना संवाददाता**




**मुरादाबाद।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय भोजपुर, मुरादाबाद में मंगलवार को योग से संबंधित गतिविधियों की श्रृंखला में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत योग अभ्यास के साथ-साथ वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्ति अभियान, तथा स्वच्छता अभियान जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन सुश्री वंदना भारती द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने कार्यक्रम का निर्देशन एवं अध्यक्षता की।

प्राचार्य डॉ. कुमार ने छात्र,छात्राओं को योग और पर्यावरण संरक्षण की महत्ता के प्रति जागरूक करते हुए उनके सतत प्रयासों की सराहना की। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वृक्षारोपण द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, वहीं प्लास्टिक मुक्ति और स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्वच्छ एवं सतत जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा प्रदान की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी इसी तरह के जनहितकारी कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करते रहेंगे।

## राकेश गंगवाल और उनके परिवार ने इंडिगो में 5.7 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट ने मंगलवार को एयरलाइन में 5.7 प्रतिशत हिस्सेदारी ब्लॉक डील के जरिये करीब 11,385 करोड़ रुपये (1.33 अरब अमेरिकी डॉलर) में बेच दी। सूत्रों ने बताया कि गंगवाल के अलावा, चिन्करपू फैमिली ट्रस्ट, जिसके ट्रस्टी शोभा गंगवाल और डेलावेयर की जेपी मॉर्गन ट्रस्ट कंपनी हैं, ने भी देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लेन-देन में भाग लिया है। उन्होंने बताया कि निवेश बैंकिंग फर्म गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी और जेपी मॉर्गन इंडिया हिस्सेदारी बिक्री के लिए प्लेसमेंट एजेंट हैं। नवीनतम लेनदेन से पहले, गंगवाल और पारिवारिक ट्रस्ट के पास इंडिगो में कुल मिलाकर लगभग 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। पीटीआई की ओर से देखी गई टर्म शीट के अनुसार, नवीनतम ब्लॉक डील के तहत, 5,175 रुपये प्रति शेयर के फ्लोर प्राइस पर 2.2 करोड़ इक्विटी शेयर बेचे गए। शेयरों की कुल संख्या प्रारंभिक 13.2 मिलियन शेयरों (1.32 करोड़



शेयर) से बढ़ाई गई है। जिनका मूल्य लगभग 803 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 6,831 करोड़ रुपये) था। यह उल्लेख पहले टर्म शीट में किया गया था। सोमवार को बंद भाव 5,420 रुपये प्रति शेयर की तुलना में फ्लोर प्राइस 4.5 प्रतिशत कम है। सूत्रों ने बताया कि 2.2 करोड़ शेयरों के बराबर कंपनी में करीब 5.7 प्रतिशत हिस्सेदारी है और न्यूनतम मूल्य के आधार पर पेशकश का आकार करीब 1.33 अरब डॉलर या करीब 11,385 करोड़ रुपये है। बीएसई और एनएसई पर कई चरणों में की जाने वाली शेयर बिक्री पूरी तरह से गौण प्रकृति की है। सौदे की संरचना के भाग के रूप में, विक्रेताओं और उनके निकटतम संबंधियों पर 150 दिन की लॉक-अप अवधि लागू होगी, एक अपवाद को छोड़कर - वे किसी निश्चित मूल्य निर्धारण और लॉक-अप शर्तों के अधीन, किसी एकल निवेशक या निवेशक समूह को बातचीत के माध्यम से कम से कम 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के शेयर हस्तांतरित कर सकते हैं। अगस्त 2024 में राकेश गंगवाल के पारिवारिक ट्रस्ट ने एयरलाइन में 5.24 प्रतिशत हिस्सेदारी 9,549 करोड़ रुपये में बेची थी। इससे पहले गंगवाल ने मार्च में इंडिगो के शेयर बेचे थे। शेयर बिक्री गंगवाल द्वारा फरवरी 2022 में सह-संस्थापक राहुल भाटिया के साथ कथित कॉर्पोरेट प्रशासन के मुद्दों पर तीखे विवाद के बाद अपनी शेयरधारिता को कम करने के निर्णय का हिस्सा है। फरवरी 2022 से गंगवाल और उनकी पत्नी शोभा गंगवाल इंडिगो में अपने शेयर बेच रहे हैं। सितंबर 2022 में राकेश गंगवाल और शोभा गंगवाल ने 2.74 प्रतिशत हिस्सेदारी 2,005 करोड़ रुपये में बेची।

### एमएसएमई में मझोले उद्योग पिछड़े, सिर्फ 0.3 प्रतिशत का योगदान

# नीति आयोग ने गिनाईं 7 बड़ी चुनौतियां




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की जीडीपी में करीब 29 फीसदी, निर्यात में 40 फीसदी और रोजगार में 60 फीसदी से अधिक योगदान देने वाला सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र संरचनात्मक विषमताओं से जूझ रहा है। पंजीकृत एमएसएमई में सूक्ष्म उद्यमों की सबसे ज्यादा 97 फीसदी और लघु उद्यमों की 2.7 फीसदी हिस्सेदारी है।एमएसएमई के कुल निर्यात में 40 फीसदी का योगदान देने वाले मझोले उद्यमों का हिस्सा महज 0.3 फीसदी है, जो स्पष्ट रूप से संरचनात्मक विषमता का संकेत है।

नीति आयोग ने सोमवार को 'मझोले उद्यमों के लिए नीति तैयार करना' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा, देश का विकास इंजन बनने के लिएमझोले उद्यमों को सात चुनौतियां पार करनी होंगी। ये चुनौतियां हैं...सरकारी योजनाओं के बारे में कम जानकारी, प्रोद्योगिकी अपग्रेडेशन की कमी, कुशल श्रमबल का अभाव, अनुपालन, नवाचार में बाधा, फंडिंग और जमीन-बुनियादी ढांचा। रिपोर्ट में इन उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र करते हुए उनकी पूरी क्षमता उगाजर करने के लिए लक्षित हस्तक्षेप पर जोर दिया गया है।

**उपलब्ध मदद के बाद भी उपयोग में पिछड़ने की सात वजहें-** सरकारी योजनाओं की कम जानकारी- मझोले उद्योगों को एमएसएमई मंत्रालय की 18 योजनाओं में से 4-5 की ही जानकारी है।इसमें भी सिर्फ 10 फीसदी ने ही कुछ योजनाओं का लाभ उठाया है।10 फीसदी उद्यमों ने ही निवेश मित्र, एनसीडी इंडिया और जेम जैसे पोर्टल का इस्तेमाल किया है।

**कुशल श्रमबल-** कौशल विकास योजनाओं का लाभ नहीं उठाना कुशल श्रमबल की कमी का बड़ा कारणहै।88 फीसदी उद्यम कौशल विकास या प्रशिक्षण योजना का लाभ नहीं उठा रहे हैं।31 फीसदी प्रशिक्षणकार्यक्रमों का अपने लिए प्रासंगिक नहीं मानते हैं।

**फंडिंग-** सस्ता कर्ज नहीं मिलना, पूंजी बाजारों पर सीमित पहुंच और गारंटी की कमी मझोले उद्योगों के लिएफंडिंग की राह में बाधक हैं।बैंक मध्यम उद्योगों को कर्ज देने के लिए बड़ी कंपनियों की तुलना में चार फीसदी अधिक ब्याज वसूलते हैं।

**प्रोद्योगिकी अपग्रेडेशन का अभाव-** 60 फीसदी मझोले उद्यम अब भी पुरानी मशीनरी का इस्तेमाल करते हैं, जिससे उत्पादकता और गुणवत्ता प्रभावित होती है।अधिक लागत नईतकनीक अपनाने की उनकी राह में बड़ी बाधा है।

**नवाचार में बाधा-** मझोले उद्यमों की वृद्धि और प्रतिस्पर्धा के लिए नवाचार महत्वपूर्ण है।फिर भी, इसके लिएउन्हें पर्याप्त समर्थन नहीं मिल रहा है।78 फीसदी उद्यमों को लगता है कि नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त उपायों की जरूरत है। शोध एवं विकास के लिएसमर्पित फंड गेम चेंजर साबित हो सकता है।


**अनुपालन का बोझ-** मझोले उद्योग का मानना है कि उनके लिए अनुपालन जरूरतें एमएसई से अधिक हैं। उन्हें श्रम, स्वास्थ्य, सुरक्षा निरीक्षकों के निरीक्षणों और ऑडिट से गुजरना पड़ता है।

जमीन-बुनियादी ढांचा - सस्ती भूमि और बुनियादी ढांचे तक पहुंच उद्योगों के लिए बड़ा मुद्दा है। पिछले दशक में सिर्फ महाराष्ट्र में ही औद्योगिक भूमि की लागत 150 फीसदी बढ़ी है।

### आयोग ने की मंत्रालय से सिफारिश

आयोग ने एमएसएमई मंत्रालय में एक समर्पित शोध एवं विकास प्रकोष्ठ स्थापित करने सिफारिश की है। यह प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महत्व की क्लस्टर आधारित परियोजनाओं के लिए आत्मनिर्भर भारत कोष का लाभ उठाएगा।अनुपालन को सुगम बनाने और उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए परीक्षण एवं प्रमाणन सुविधाओं पर भी ध्यान देने को कहा गया है।

## वोल्वो कार्स लागत घटाने के लिए 3000 नौकरियों में करेगी कटौती; सीईओ बोले- फैसला कठिन, पर महत्वपूर्ण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वीडन स्थित वोल्वो कार्स लागत में कटौती कार्यक्रम के तहत 3,000 पदों को समाप्त करने का फैसला किया है। कंपनी ने मोटर वाहन उद्योग में व्यापारिक तनाव और इसके परिणामस्वरूप पैदा हुई आर्थिक अनिश्चितता से चुनौतियों को देखते हुए यह फैसला किया है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि लगभग 1,200 नौकरियों में कटौती स्वीडन के कर्मचारियों की होगी। वहीं, वर्तमान में परामर्शदाताओं की आरे से भरे गए 1,000 अन्य पदों को भी समाप्त किया जाएगा। इनमें से अधिकतर छंटनी स्वीडन में होगी।

**सीईओ बोले- हम एक मजबूत और अधिक लचीली वोल्वो कार्स बना रहे-** बाकी नौकरियां अन्य वैश्विक बाजारों में खत्म होंगी। जिन नौकरियों में कटौती की जा रही है, उनमें से अधिकांश दफ्तरों वाले पद हैं। वोल्वो कार्स के अध्यक्ष और सीईओ हाकन सैमुएलसन ने कहा, आज घोषित किए गए निर्णय कठिन हैं, लेकिन वे महत्वपूर्ण कदम हैं क्योंकि हम एक मजबूत और अधिक लचीली वोल्वो कार्स का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ऑटोमोटिव उद्योग एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। इससे निपटने के लिए, हमें अपने नकदी प्रवाह को बेहतर बनाना होगा और संरचनात्मक रूप से अपनी लागत कम करनी होगी। चीन के फर्म गीली के स्वामित्व वाली इस कंपनी में 42,600 पूर्णकालिक कर्मचारी हैं।

**हाल के वर्षों में बढ़ी है कार निर्माता कंपनियों की चुनौतियां-** हाल के वर्षों में दुनियाभर के कार निर्माता कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसके प्रमुख कारणों में कच्चे माल की बढ़ती लागत, यूरोपीय कार बाजार में गिरावट और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से आयातित कारों और स्टील पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाना शामिल है।

## कंपनी के 'मालिक' बेच रहे हैं 15.02 प्रतिशत हिस्सा, छोटे निवेशक नाखुश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड के प्रमोटर्स कंपनी में अपनी हिस्सेदारी घटा रहे है। इस कंपनी के प्रमोटर्स 15.02 प्रतिशत हिस्सेदारी घटा रहे हैं। प्रमोटर्स की तरफ से ऑफर फार सेल के जरिए शेयर बेचा जा रहा है। नॉन रिटेल निवेशक आज इस ऑफर फार सेल्स पर दांव लगा पाएंगे।

वहीं, रिटेल निवेशकों के लिए यह ओएफएस कल यानी 28 मई को खुलेगा। बता दें, इस ऑफर फार सेल के लिए फ्लोर प्राइस 38 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। प्रमोटर्स के इस फैसले से निवेशक खुश नजर नहीं आ रहे हैं। आज यानी मंगलवार को कंपनी के शेयरों में लोअर सर्किट लगा है। 5 प्रतिशत की गिरावट के बाद सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड के शेयर 40.72 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है।

### कौन बेच रहा है कितना शेयर

सैजिलिटी ने 346,132,843 शेयर बेचने का प्रस्ताव दिया है। जोकि कंपनी के 7.39 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। यदि ओवरसब्सक्रिप्शन विकल्प प्रयोग किया जाता है। यह कंपनी 15.02 प्रतिशत हिस्सा के बराबर है।

**क्या है टारगेट प्राइस-** ब्रोकरेज हाउस आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने 16 मई को जारी किए गए नोट्स में इस स्टॉक को बाय रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस ने 60 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। पहले ब्रोकरेज हाउस ने 56 रुपये सेट किया है।

### पिछले साल आया था आईपीओ

यह आईपीओ 5 नवंबर 2024 को ओपन हुआ था। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 30 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। आईपीओ का साइज 2106.60 करोड़ रुपये का है। 3 दिन के सब्सक्रिप्शन के दौरान यह आईपीओ 3.2 गुना सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ था। रिटेल कैटगरी में यह आईपीओ 4.16 गुना सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ था।

# 5150 इलेक्ट्रिक बसों की सप्लाई नहीं कर पाई कंपनी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक बस बनाने वाली कंपनी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड के शेयर आज मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज काफी गिर गए हैं। ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड के शेयर में आज शुरुआती कारोबार के दौरान ही 12 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई और यह 1180 रुपये के इंट्रा डे लो पर आ गया। शेयरों में इस गिरावट के पीछे एक डील कैंसिल होने की खबर है। दरअसल, महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने अधिकारियों को समय पर डिलीवरी न करने के कारण कंपनी को दिए गए टेंडर ऑर्डर को रद्द करने का निर्देश दिया है।




**क्या है डिटेल-** सरनाईक ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ओलेक्ट्रा का नाम लिए बिना लिखा कि कंपनी 5,150 लीज्ड बसों की सप्लाई में विफल रही है और उन्होंने अधिकारियों को उक्त समझौते को रद्द करने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। यह निर्णय सोमवार शाम को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान लिया गया। मंत्री ने आगे लिखा कि ओलेक्ट्रा को 22 मई तक 1,000 बसों की आपूर्ति के लिए एक संशोधित कार्यक्रम दिया गया था, लेकिन एक भी बस की सप्लाई नहीं की गई, जिससे कंपनी द्वारा बसों की भविष्य में आपूर्ति पर संदेह पैदा हो गया है। मंत्री ने एक्स पर लिखा, इसलिए, यह निर्णय लिया गया कि कंपनी के साथ निविदा समझौता रद्द कर दिया जाना चाहिए। हालांकि, ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक ने ऑर्डर रद्द करने के संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

**कंपनी के शेयरों के हाल-** बता दें कि कंपनी को एमएसआरटीसी से 5,150 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति के लिए आशय पत्र दिया गया था। ऑर्डर का मूल्य लगभग 10,000 करोड़ था और अनुबंध अवधि 12 वर्ष थी। एवे को ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक से बसें खरीदनी थीं और फिर उन्हें अगले 24 महीनों (जुलाई 2025 तक) में एमएसआरटीसी को सौंपना था, जबकि ओलेक्ट्रा पूरे कॉन्ट्रैक्ट अवधि के दौरान रखरखाव सेवाएं प्रदान करेगी। घोषणा के बाद उस दिन शेयर में 20 प्रतिशत की उछाल आई थी। जुलाई 2023 और फरवरी 2024 के बीच, ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक के शेयर दोगुना से अधिक हो गया, जिससे प्रति शेयर 2,200 से अधिक का सर्वकालिक उच्च स्तर बन गया।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के नौवें संस्करण के लिए 'Innovate to Transform' थीम का अनावरण किया

**नई दिल्ली,** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली के यशोभूमि कनवेंशन सेंटर में 8 से 11 अक्टूबर, 2025 तक होने जा रहे इंडिया मोबाइल कांग्रेस, 2025 के नौवें संस्करण के लिए थीम के तौर पर ÒInnovate to TransformÓ का अनावरण किया। इस वर्ष का संस्करण गठबंधन को बढ़ावा देकर, अत्याधुनिक उन्नयन प्रदर्शित कर और तेजी से उभर रहे डिजिटल परिदृश्य की चुनौतियों से निपट कर और अवसरों का दोहन कर पूर्व की विरासत को और समृद्ध करने का वादा करता है।

इस वर्ष की थीम भविष्य को आकार देने में नवप्रवर्तन की अहम भूमिका को रेखांकित करता है और उद्योग और आधारभूत ढांचे से लेकर समाज तक में आ रह परिवर्तन और टिकाऊपन को समर्थ बनाता है। यह निरंतर रचनात्मकता और आगे की सोच की जरूरत को रेखांकित करता है जिससे दूरसंचार, डिजिटल ढांचे और इससे परे उभरती चुनौतियों से निपटा जा सके और नए अवसरों का दोहन किया जा सके। आईएमसी 2025 उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स और टेक्नोलॉजी को लेकर उत्साहित लोगों को साथ आकर ऐसे समाधान निकालने का आह्वान करता है जो समावेशी वृद्धि के अगले युग और डिजिटल उन्नयन में भारत के बढ़ते नेतृत्व को ताकत प्रदान करे।




दूरसंचार विभाग (डॉट) और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा आयोजित आईएमसी 2025 में 150 से अधिक देशों से 1.5 लाख से अधिक लोगों के शिरकत करने की संभावना है जहां 400 से अधिक प्रदर्शक और साझीदार और 7,000 से अधिक वैश्विक प्रतिनिधि शामिल होंगे। वर्ष 2023 में प्रारंभ अग्रणी स्टार्टअप प्रोग्राम एस्पायर के अंतर्गत 500 से अधिक स्टार्टअप्स आएंगे और यह आयोजन उन्हें मार्गदर्शन, लाइव पिचिंग सत्रों और नेटवर्किंग के लिए 300 से अधिक निवेशकों, इनक्यूबेटर्स एक्सिलेटर्स और वीसी से जोड़ेगा। एशिया के सबसे बड़े डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम में 800 से अधिक वक्ता 100 से अधिक सम्मेलन सत्रों में हिस्सा लेंगे।

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, भारत आज दूरसंचार क्षेत्र में क्रांति का नेतृत्व कर रहा है और हमने भविष्य का कभी इंतजार नहीं किया, बल्कि हमेशा इसे आकार दिया है। 'द्धठ्ठश1इह्लद्ग ह्लश ञ्जह्म्ड्डठ्ठह्यद्घशह्मद्व' थीम इस अवधारणा को रेखांकित करती है कि परिवर्तन की इस यात्रा में भारत का दिशा सूचक यंत्र दिशा प्रदान करता रहा है। आज हम उन शीर्ष छह देशों में शामिल हैं जो 6जी पेटेंट के लिए आवेदन कर रहे हैं। हमने पूरे विश्व में सबसे जबरदस्त दूरसंचार नेटवर्क और प्रणालियों का निर्माण किया है जोकि अत्याधुनिक, ग्राहक उन्मुखी और सेवा उन्मुखी हैं। जब हम इस तरह के अवसरों के बारे में बात करते हैं तो नवप्रवर्तन को हमारे अस्तित्व के केंद्र में रखना है। 22 माह की अवधि में हमने विश्व के लिए पहला घरेलू 4जी स्टैक तैयार किया और भारत अपना खुद का दूरसंचार स्टैक तैयार करने वाले विश्व का पांचवा देश बन गया है।

## जून 2025 में आईआईएम रायपुर के प्रबंधन विकास कार्यक्रमों के साथ अपने पेशेवर विकास को दें एक नई दिशा

**रायपुर, एजेंसी।** भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर, जिसे #BuildingBusinessOwners के लिए जाना जाता है, ने जून 2025 के लिए प्रबंधन विकास कार्यक्रमों की एक रोमांचक श्रृंखला की घोषणा की है। ये कार्यक्रम विशेष रूप से कार्यरत पेशेवरों और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए तैयार किए गए हैं, जिनका उद्देश्य प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण व्यापार क्षेत्रों में नवीनतम ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है।

पाठ्यक्रम में वित्त, मशीन लर्निंग और अन्य क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। ये तीनों स्न्ष्ठक्क आईआईएम रायपुर के प्रतिष्ठित फैकल्टी सदस्यों द्वारा संचालित किए जाएंगे, जो अकादमिक गहराई और व्यावहारिक अनुप्रयोग का संयोजन प्रस्तुत करते हैं। इन्हें उद्योगों और पेशेवरों की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विशेष रूप से तैयार किया गया है। वास्तविक दुनिया पर आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से प्रतिभागियों को हाथों-हाथ सीखने का अवसर मिलेगा। आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, यह एक ऐसा युग है जो अस्थिरता, डेटा की अधिकता और तेज़ नवाचार से परिभाषित होता है। ऐसे में संगठनों को ऐसे अग्रणी लोगों की आवश्यकता है जो गंभीरता से सोच सकें, तेजी से अनुकूल हो सकें और निर्णायक कदम उठा सकें। आईआईएम रायपुर में हमारे प्रबंधन विकास कार्यक्रम केवल अकादमिक कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि ये परिवर्तनकारी यात्राएं हैं। इन कार्यक्रमों को खासतौर पर इस तरह तैयार किया गया है।




केएफसी के नए वैल्यू ऑफर के साथ ईपीआईसी टेस्ट और ईपीआईसी बचत पाएं

केएफसी सभी चिकन प्रेमियों के लिए एक ईपीआईसी ऑफर लेकर आया है! भारत में केएफसी के फैन्स अब ऑल-न्यू ईपीआईसी सेवर्स के साथ अपने पसंदीदा केएफसी का आनंद ले सकते हैं। यह ऑफर इतना बढ़िया है कि आप पूरे दिन 9 फॉर 299 रिपीट करते रहेंगे।क्यों? क्योंकि केएफसी ईपीआईसी सेवर्स चिकन प्रेमियों को केवल 299/- में 9 पीस फिंगर लिकिंग गुड चिकन का स्वाद दे रहा है। इसी अविश्वसनीय मूल्य में मिल रहे हैं 7 स्वादिष्ट बोनलेस चिकन स्ट्रिप्स और हॉट एंड क्रिस्पी चिकन के 2 क्रंची, ज्यूसी पीस। यह ऑफर भारत में केएफसी के सभी 1300+ रेस्टोरेंट्स में केवल डाइन-इन के लिए मान्य है। नई कैम्पेन फिल्म में सुपरस्टार एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और इंटरनेट के फनीमैन दानिश सैत दिखाई दे रहे हैं, जो अविश्वसनीय 9 फॉर 299 ऑफर देखकर खुशी से चीख उठते हैं। क्योंकि जब आपको ईपीआईसी टेस्ट और ईपीआईसी बचत दोनों एक साथ मिल सकते हैं, तो इनमें से किसी एक को क्यों चुनें? तो, आपको किसका इंतज़ार है? अपने दोस्तों और परिवार को बुलाइये और अपने नज़दीकी केएफसी में मिलकर ईपीआईसी टाइम बिताइये। भारत में 1300+ केएफसी रेस्टोरेंट्स में से किसी में भी आकर इस ईपीआईसी ऑफर का लाभ उठाइये।

## संक्षिप्त समाचार



### बारिश के बाद मुंबई को राहत मिली, बारिश की उम्मीद के चलते रेड अलर्ट जारी किया गया

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई को आज सुबह लगातार हो रही बारिश से कुछ राहत मिली, जबकि भारतीय मौसम विभाग ने आज शहर के लिए फिर से बारिश का अलर्ट जारी किया है। मुंबई में रात भर बारिश होती रही, लेकिन सुबह होते-होते इसकी तीव्रता काफी कम हो गई, जिससे निवासियों को कुछ देर के लिए रुकना पड़ा।

शहर में कहीं भी जलभराव की कोई खबर नहीं है, जो यात्रियों के लिए राहत की बात है। मुंबई की जीवनरेखा कही जाने वाली लोकल ट्रेन सेवाएं तीनों महत्वपूर्ण लाइनों - सेंट्रल, वेस्टर्न और हार्बर पर तय समय पर चल रही हैं।

रविवार मध्यरात्रि से सोमवार दोपहर के बीच शहर के कुछ हिस्सों में 200 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई, जिसके बाद भारतीय मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान को रेड अलर्ट में अपग्रेड किया, जिसमें मुंबई के साथ-साथ पड़ोसी जिलों ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरी में गरज और तेज़ हवाओं के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी गई।

सप्ताहांत में शहर में हल्की से मध्यम बारिश रविवार रात को भारी बारिश में बदल गई। दिन भर बारिश जारी रहने के कारण उपनगरीय ट्रेन सेवाओं के साथ-साथ सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ और शहर के कई इलाकों में जलभराव की खबरें आईं। एक भूमिगत स्टेशन के पानी से भर जाने के बाद मेट्रो लाइन पर परिचालन निलंबित कर दिया गया।

### गर्मी की छुट्टियों के बाद सुप्रीम कोर्ट में नजर आ सकते हैं तीन नए जज, कॉलेजियम ने की सिफारिश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अगुवाई में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने तीन उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को भारत के सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत करने की संस्तुति की। अनुशंसित नामों में न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया, जो वर्तमान में कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं, न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई, जो गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं, और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर, जो बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं, शामिल हैं। न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया, जिन्होंने अगस्त 1988 में गुजरात उच्च न्यायालय से अपना कानूनी करियर शुरू किया था, संवैधानिक, सिविल और श्रम कानून में उनकी व्यापक पृष्ठभूमि है। उन्हें 2011 में गुजरात उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था और दो साल बाद वे स्थायी न्यायाधीश बन गए। 2024 में, उन्हें कर्नाटक उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई, जो 1989 में स्नातक हैं, ने अपना अधिकांश करियर राजस्थान उच्च न्यायालय में बिताया है, जहाँ उन्होंने सिविल, आपराधिक और संवैधानिक कानून के कई मामलों को संभाला है। इसके अलावा, उन्होंने 2000 से 2004 के बीच विभिन्न राज्य विभागों का प्रतिनिधित्व करते हुए अतिरिक्त केंद्र सरकार के स्थायी वकील के रूप में कार्य किया। न्यायमूर्ति बिश्नोई फरवरी 2024 में गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बने।

न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर, 1988 से अधिवक्ता हैं, उन्होंने 1992 में नागपुर जाने से पहले मुंबई में वकालत की थी। विविध कानूनी पृष्ठभूमि के साथ, उन्हें 2013 में बॉम्बे उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। अपने न्यायिक करियर के अलावा, न्यायमूर्ति चंदुरकर एक कुशल लेखक भी हैं, जिन्होंने महाराष्ट्र के नगरपालिका और किराया नियंत्रण कानूनों पर कानूनी किताबें लिखी हैं।

# राजस्थान बोर्ड मूल्यांकन में लापरवाही, गोपनीयता भंग पर 4 शिक्षक सस्पेंड! दो पर तीन साल की रोक

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लापरवाही बरतने और गोपनीयता भंग करने के मामले में शिक्षा निदेशालय ने कड़ी कार्रवाई करते हुए चार शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। साथ ही दो शिक्षकों को आगामी तीन वर्षों तक किसी भी प्रकार के मूल्यांकन कार्य से भी वंचित कर दिया गया है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने सोमवार देर रात आदेश जारी किए।




### पहला मामला अलवर से सामने आया

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अलवर के वरिष्ठ शिक्षक ओमप्रकाश सैनी को बोर्ड की माध्यमिक परीक्षा 2025 के गणित विषय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य सौंपा गया था। लेकिन उन्होंने मूल्यांकन के दौरान गोपनीयता नियमों का उल्लंघन करते हुए उत्तर पुस्तिकाएं इंटर्न छात्रों के समक्ष खुली छोड़ दीं। यही नहीं, विद्यालय की हिन्दी साहित्य की व्याख्याता मीनाक्षी अरोड़ा ने उन उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो लेकर सोशल मीडिया पर साझा कर दी, जिससे पूरे मूल्यांकन की गोपनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। दोनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### डीडवाना-कुचामन क्षेत्र से दूसरा मामला

इसी तरह संस्कृत विषय की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में भी गंभीर लापरवाही का मामला उजागर हुआ है। रा.उ.मा.वि., बागोट (डीडवाना-कुचामन) के वरिष्ठ शिक्षक भवरूद्दीन को मूल्यांकन कार्य सौंपा गया था, लेकिन उन्होंने यह कार्य स्वयं करने की बजाय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, निम्बड़ी (मकराना) के शिक्षक प्रदीप कुमार शर्मा और उनके पिता की मदद से उत्तर पुस्तिकाओं की केजिंग करवाई। यह स्पष्ट रूप से परीक्षा मूल्यांकन के नियमों का उल्लंघन था। इस गंभीर लापरवाही के चलते भवरूद्दीन और प्रदीप कुमार शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा, दोनों को तीन वर्ष के लिए परीक्षक कार्य से भी वंचित कर दिया गया है।

### शिक्षा निदेशालय ने दिया सख्त संदेश

शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने साफ किया है कि परीक्षा मूल्यांकन कार्य अत्यंत संवेदनशील और गोपनीय प्रक्रिया है, जिसमें किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई उन सभी शिक्षकों के लिए चेतावनी है, जो अपने दायित्वों को हल्के में लेते हैं। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम ने मूल्यांकन कार्य की निगरानी और पारदर्शिता पर एक बार फिर ध्यान खींचा है। बोर्ड ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में ऐसे मामलों पर और अधिक सख्त निगरानी रखी जाएगी।

### जगन्नाथ मंदिर से जुड़े विशिष्ट शब्दों और 'लोगो' का पेटेंट करा रहा है ओडिशा

**पुरी, एजेंसी।** दीघा मंदिर को धाम नाम देने को लेकर पश्चिम बंगाल के साथ चल रहे विवाद के मद्देनजर, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति ने सोमवार को ओडिशा में 12वीं शताब्दी के मंदिर से जुड़े कुछ शब्दों और 'लोगो' का पेटेंट कराने का फैसला किया। पुरी के गजपति महाराजा दिव्यसिंह देब की अध्यक्षता में समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में, मुख्य सचिव मनोज आहूजा, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढी, पुरी जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन, पुरी के पुलिस अधीक्षक विनीत अग्रवाल और पदेन सदस्य शामिल हुए। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक पाढी ने संवाददाताओं से कहा, एसजेटीए जल्द ही महाप्रसाद (भोग), श्रीमंदिर (मंदिर), श्री जगन्नाथ धाम (स्थान), श्रीक्षेत्र (स्थान) और पुरुषोत्तम धाम (स्थान) जैसे शब्दों के पेटेंट के लिए आवेदन करेगा। इस संबंध में एक प्रस्ताव को एसजेटीएमसी द्वारा मंजूरी दे दी गई है। पाढी ने कहा कि जगन्नाथ मंदिर से संबंधित विशिष्ट शब्दों और 'लोगो' का पेटेंट कराना पुरी मंदिर की सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक पहचान की रक्षा के लिए एक कानूनी उपाय के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा, इससे 12वीं शताब्दी की मूल आध्यात्मिक पहचान के दुरुपयोग और इसकी शब्दावली के अनधिकृत उपयोग को रोकने में मदद मिलेगी। जगन्नाथ धाम शब्द के कथित दुरुपयोग को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार के साथ चल रहे विवाद के बारे में पाढी ने कहा कि इस मामले का हल राज्य सरकारों द्वारा किया जाएगा। देब ने कहा, पश्चिम बंगाल सरकार दीघा स्थित अपने मंदिर के लिए जगन्नाथ धाम शब्द का इस्तेमाल नहीं कर सकती। यह हिंदू धर्मग्रंथों और भगवान जगन्नाथ की सदियों पुरानी परंपरा के खिलाफ है।

## एआई वीडियो में ट्रंप को देख झांसे में आया कर्नाटक का वकील, स्कीम के नाम पर लाखों की चपत

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर कर्नाटक के एक वकील से लाखों की धोखाधड़ी हो गई। ठगों ने एक फर्जी निवेश योजना का लालच देकर पीड़ित को लगभग 6 लाख रुपए का चूना लगा दिया। हैरानी की बात यह है कि इस स्कीम का प्रचार एआई से तैयार किए गए एक फर्जी वीडियो के जरिए किया गया था, जिसमें ट्रंप खुद निवेश के बदले भारी मुनाफा देने का दावा कर रहे थे।





जानकारी के अनुसार, पीड़ित वकील ने 6 मई को हावेरी सेंट्रल क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि जनवरी में उन्होंने यूट्यूब पर डोनाल्ड ट्रम्प होटल किराया नामक एक वीडियो देखा, जिसमें बताया गया कि अगर वह एक खास मोबाइल ऐप डाउनलोड कर उसमें निवेश करेंगे, तो उन्हें 3 प्रतिशत दैनिक रिटर्न मिलेगा।

**ठगों से कैसे दिया झांसा:** शुरुआत में 1500 रुपए निवेश करने पर वकील को कुछ रिटर्न मिला, जिससे उसका भरोसा बढ़ा। इसके बाद उन्होंने 25 जनवरी से 4 अप्रैल के बीच 5,93,240 रुपए विभिन्न बैंक खातों, यूपीआई और डिजिटल वॉलेट्स के ज़रिए भेज दिए। लेकिन कुछ समय बाद न रिटर्न मिला, न पैसा वापस आया।

**पुलिस की जांच में क्या निकला:** पुलिस जांच में सामने आया है कि यह पूरा मामला फर्जी लिंक और एआई वीडियो के जरिए ठगी का है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, जहां पैसा ट्रांसफर किया गया था उस बैंक खाते से 1.5 लाख रुपए की राशि फ्रीज़ कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने जनता से अपील करते हुए कहा, ट्रंप होटल रेंटल जैसी स्कीम के नाम पर पूरे देश में करोड़ों रुपये की ठगी हो चुकी है। आम जनता से अनुरोध है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और लालच में न आएं।

## पुरी में बड़ा हादसा, समुद्र में पलटी नाव, बाल-बाल बचे सौरव गांगुली के भाई-भाभी

**पुरी, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के भाई और भाभी स्नेहाशीष और अर्पिता गांगुली की नाव रविवार को ओडिशा में समुद्र में पलट गई। यह घटना ओडिशा के पुरी में जल क्रीड़ा गतिविधि के दौरान हुई। अर्पिता गांगुली ने नाव के वाहक और संचालकों को दोषी ठहराया और कहा कि नाव में कम लोग होने के कारण नाव समुद्र में पलट गई, जिसके बाद लाइफगार्ड ने उसे बचा लिया। इंटरनेट पर वायरल हो रहे वीडियो में पर्यटकों को बचाने के लिए रबर फ्लोट का इस्तेमाल किया जा रहा था।

समुद्र पहले से ही बहुत उग्र था। नाव पर 10 लोगों की क्षमता थी, लेकिन पैसे के लालच में उन्होंने केवल तीन से चार लोगों को ही सवार होने दिया। यह उस दिन समुद्र में जाने वाली आखिरी नाव थी। हमने समुद्र में जाने को लेकर चिंता जताई थी, लेकिन संचालकों ने हमें बताया कि यह ठीक है, अप्रिता गांगुली ने घटना के बारे में बताया। घटना के बाद थोड़ी स्तब्ध और स्तब्ध दिख रहीं गांगुली ने आगे बताया कि जैसे ही वे समुद्र में गईं, नाव पर एक बड़ी लहर ने हमला किया, जिससे नाव पर और भी ज़्यादा असर पड़ा, क्योंकि नाव पर पहले से ही कम लोग सवार थे। अगर लाइफगार्ड नहीं आते, तो हम बच नहीं पाते। मैं अभी भी सदमे में हूं...मैंने कभी इस तरह की घटना का सामना नहीं किया। अगर नाव पर और लोग होते, तो शायद नाव पलटती नहीं। उन्होंने तटीय क्षेत्र के आसपास के संचालकों और अधिकारियों की थोड़ी और जांच करने की मांग की, खासकर देश के कई हिस्सों में प्री-सीजन मानसून के चलते। अधिकारियों को यहां इन खेलों पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए। पुरी बीच पर समुद्र बहुत ही उथल-पुथल भरा है। मैं कोलकाता वापस जाने के बाद पुलिस अधीक्षक और मुख्यमंत्री को पत्र लिखूंगी, जिसमें उनसे यहां जल-खेलों को रोकने के लिए कहा जाएगा



## यह परमाणु युद्ध की तैयारी; गोल्डन डोम प्रोजेक्ट को लेकर अमेरिका के विरोध में उतरा उत्तर कोरिया





**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने अमेरिका के गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम पर अपना कड़ा विरोध जताते हुए इस प्रोजेक्ट को बहुत ही खतरनाक और धमकी भरा पहल बताया है। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय के तहत काम करने वाले इंस्टीट्यूट ऑफ अमेरिकन स्टडीज ने इस प्रोजेक्ट को अमेरिका फर्स्ट की सोच, अहंकार और मनमानी का उदाहरण बताया। साथ ही ये भी कहा कि यह अंतरिक्ष से परमाणु युद्ध शुरू करने की तैयारी जैसी है।

बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते 20 मई को गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम प्रोजेक्ट के डिजाइन को मंजूरी दी। साथ ही इसके लिए एक प्रमुख नेतृत्वकर्ता की नियुक्ति भी की। यह प्रोजेक्ट लगभग 175 अरब डॉलर का है और इसका मकसद अमेरिका को मिसाइल हमलों से बचाना है।

**क्या है गोल्डन डोम?:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसी साल मार्च में अमेरिकी संसद में दिए अपने भाषण में इस्राइल के आयरन डोम सुरक्षा कवच की तर्ज पर ही अपने देश में एक गोल्डन डोम बनाने का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद बीते मंगलवार को उन्होंने इस सिस्टम के निर्माण को लेकर मंजूरी भी दे दी। अमेरिका के पास फिलहाल ऐसी कोई सुरक्षा प्रणाली नहीं है, जिसके जरिए वह आधुनिक समय की हाइपरसोनिक मिसाइलों, ड्रोन हमलों की बाढ़ का सामना कर सके।

**गोल्डन डोम कितना कारगर?:** देखा जाए तो इस प्रोजेक्ट के तहत अमेरिका दुनिया भर की कक्षा में सैकड़ों उपग्रहों का नेटवर्क तैयार करेगा, जिनमें आधुनिक सेंसर और इंटरसेप्टर होंगे। इनका काम होगा किसी भी दुश्मन देश, जैसे चीन, ईरान, उत्तर कोरिया या रूस से छोड़े गए मिसाइलों को उड़ान भरते ही नष्ट कर देना।

**चीन भी जता चुका है विरोध:** अब ऐसे में अमेरिका के गोल्डन डोम का विरोध दुनियाभर में होना शुरू हो चुका है। उत्तर कोरिया से पहले चीन भी इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी चिंता जाहिर कर चुका है। चीन ने अमेरिका से इसे तुरंत बंद करने की अपील भी की है। वहीं उत्तर कोरिया और चीन दोनों का मानना है कि यह परियोजना वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है।

## फुटबॉल फैन्स को कार ने कुचला, 47 घायल

### लिवरपूल की जीत पर 10 लाख लोगों ने परेड निकाली थी




**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के लिवरपूल शहर में सोमवार को एक शख्स ने कार से कई फुटबाल फैन्स को कुचल दिया। हादसे में 47 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 27 को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है, जबकि 20 का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया। ये फैन्स लिवरपूल फुटबॉल क्लब की प्रीमियर लीग में जीत पर विक्ट्री परेड निकाल रहे थे। लोकल पुलिस के मुताबिक, सोमवार शाम स्थानीय समयानुसार करीब 6 बजे वाटर स्ट्रीट पर एक कार ने कई पैदल यात्रियों को टक्कर मारी। 53 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने घटना में आतंकी हमले की आशंका से इनकार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस परेड में करीब 10 लाख लोग शामिल हुए थे।

**पुलिस बोली- आरोपी गोरा आदमी:** लोकल पुलिस ने एक बयान जारी कर बताया कि आरोपी लिवरपूल इलाके में रहने वाला एक गोरा आदमी है। हम लोगों से अपील करते हैं कि आज रात हुई घटना के बारे में अटकलें न लगाएं। पुलिस ने लोगों से परेशान करने वाले वीडियो या तस्वीरें ऑनलाइन शेयर न करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने हादसे को चौंकाने वाला बताया लिवरपूल रिवरसाइड की सांसद किम जॉनसन ने कहा- मुझे पूरी उम्मीद है कि हादसे का शिकार हुए सभी लोग सुरक्षित होंगे और जल्द ही अपने परिवार के पास घर पहुंचेंगे।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस घटना को चौंकाने वाला बताया। उन्होंने कहा- लिवरपूल की तस्वीरें भयानक हैं। मेरी संवेदनाएं घायलों के साथ हैं। मुझे घटना की पूरी जानकारी दी जा रही है। मैं लोगों से अपील करता हूं कि पुलिस को जांच के लिए जरूरी समय और जगह दें। लिवरपूल फुटबॉल क्लब क्लब के एक प्रवक्ता ने कहा- हम पुलिस के संपर्क में हैं। आज शाम ट्रॉफी परेड दौरान वाटर स्ट्रीट पर हुई घटना के बारे में जानकारी दे रहे हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन सभी के साथ हैं जो इस घटना से प्रभावित हुए हैं।

**लिवरपूल दूसरी बार बना चैम्पियन बना:** इंग्लैंड की टॉप फुटबॉल लीग (प्रीमियर लीग) का मौजूदा सीजन रविवार को खत्म हुआ। आखिरी दिन यानी 38वें राउंड में 10 मैच खेले गए, जिसमें से 8 के नतीजे निकले और दो बराबर रहे।

# नेपाली पर्वतारोही कामी रीता ने 31 बार किया माउंट एवरेस्ट फतह

### मशहूर नेपाली पर्वतारोही कामी रीता ने 31 बार किया माउंट एवरेस्ट फतह, अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के मशहूर पर्वतारोही कामी रीता ने मंगलवार को 31वीं बार माउंट एवरेस्ट को फतह किया। इस तरह उन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे ज्यादा बार चढ़ाई करने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया।

इस अभियान के आयोजक और सेवन समिट ट्रेक्स के अध्यक्ष मिंगमा शेरपा ने बताया कि कामी रीता (55 वर्षीय) ने सुबह करीब चार बजे मौसम सामान्य रहने पर 8,849 मीटर ऊंची चोटी के शिखर पर पहुंचे। वह इस बार भारतीय सेना की एडवेंचर विंग के एवरेस्ट अभियान की टीम का मार्गदर्शन कर रहे थे, जिसका नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज जोशी कर रहे थे।

काठमांडू पोस्ट ने मिंगमा शेरपा के हवाले से कहा, यह नई उपलब्धि दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे ज्यादा बार चढ़ने वाले वाले व्यक्ति के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करती है। यह एक ऐसा रिकॉर्ड है, जिसके आसपास भी अभी तक कोई नहीं पहुं पाया है।



मिंगमा शेरपा ने आगे बताया कि चोटी पर पहुंचने के बाद कामी रीता सुरक्षित और स्थिर हैं। उन्होंने नीते उतरना शुरू कर दिया है और अब बेस कैंप की ओर लौट रहे हैं। हमेशा की तरह कामी ने अपने बेजोड़ कौशल और पेशेवर अनुभव को फिर से साबित किया है। हम उनकी इस महान उपलब्धि पर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं और जो विरासत वह बना रहे हैं, वह हमारे लिए गौरव का विषय है।

पिछले दो वर्षों में कामी रीता ने हर मौसम में दो बार माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई की। इसके साथ ही उनकी सफल चढ़ाइयों की संख्या 30 हुई। सेवन समिट ट्रेक्स के अभियान निदेशक छांग दावा शेरपा ने बताया कि कामी रीता को कम उम्र से ही पर्वतारोहण का गहरा शौक था और वह बीते दो दशकों से अधिक समय से लगातार पहाड़ों पर चढ़ाई कर रहे हैं।

**कामी रीता कौन हैं?:** शेरपा समुदाय का गढ़ सोलुकुंभी क्षेत्र में जन्मे कामी रीता ने 1992 में अपनी पर्वतारोहण यात्रा शुरू की थी। वे एक सहायक कर्मचारी के रूप में एवरेस्ट पर जाने वाले अभियान समूह में शामिल हुए। उन्होंने पहली बार 1994 में एवरेस्ट पर चढ़ाई की। तब से लगभग हर साल दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर लौटते रहे। कामी रीता के पिता पहले शेरपा पर्वत गाइडों में से एक थे। सेवन समिट ट्रेक्स के अभियान निदेशक छांग दावा शेरपा ने कहा कि कामी ने छोटी उम्र में ही चढ़ाई के लिए गहरा जुनून विकसित कर लिया था। अब दो दशकों से अधिक समय से चोटियों पर चढ़ रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में वे सबसे प्रसिद्ध शेरपा गाइडों में से एक बन गए हैं। छांग दावा के अनुसार, कामी रीता ने 1994 से 2025 के बीच के-2 और माउंट लोत्से पर एक-एक बार, मनास्लू पर तीन बार और चो ओयू पर आठ बार चढ़ाई की है।

## बेल्जियम की पर्यटकों को चेतावनी: हमारी ऐतिहासिक सड़कों के पत्थर चुराकर मत ले जाइए!

**ब्रुग्स एजेंसी।** बेल्जियम का सुंदर और ऐतिहासिक शहर ब्रुग्स इन दिनों एक अजीब सी परेशानी से जूझ रहा है। यूरोप के सबसे खूबसूरत और आकर्षक पर्यटन स्थलों में गिना जाने वाला यह शहर अपनी मध्ययुगीन इमारतों और खास पत्थर वाली सड़कों के लिए प्रसिद्ध है। इसी ऐतिहासिक सुंदरता के चलते ब्रुग्स का केंद्र यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट भी घोषित किया गया है। लेकिन अब वही खूबसूरती शहर के लिए मुसीबत बनती जा रही है। दरअसल, पर्यटक यहां की ऐतिहासिक सड़कों से चौकोर पत्थर उखाड़कर 'स्मृति-चिह्न' के रूप में अपने साथ ले जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, *हर महीने करीब 50 से 70 पत्थर इस तरह गायब हो रहे हैं। ब्रुग्स प्रशासन के मुताबिक, प्रत्येक वर्ग मीटर सड़क को फिर से बनाने में लगभग 225 डॉलर का खर्च आता है। हालांकि कुछ सैलानी सोचते हैं कि एक-दो ढीले पत्थर उठाने से क्या फर्क पड़ेगा, लेकिन यह काम न सिर्फ विरासत को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। इसी चिंता को लेकर स्थानीय नागरिकों और अधिकारियों ने एक जागरूकता अभियान शुरू किया है जिसमें लोगों से अपील की जा रही है कि कृपया हमारी सड़कों के पत्थर चुराकर मत ले जाइए।

# बीसीसीआई मनाएगा ऑपरेशन सिंदूर का जश्न

## आईपीएल फाइनल के लिए तीनों सेनाओं के प्रमुखों को किया आमंत्रित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि उसने अहमदाबाद में तीन जून को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल के लिए तीनों सेना के प्रमुखों को आमंत्रित किया है। टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान हाल में हुए ऑपरेशन सिंदूर में उनके 'वीरतापूर्ण प्रयासों को सलामी दी जाएगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक मीडिया बयान में यह घोषणा की। सैकिया ने कहा, 'हमने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए सभी भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुखों, शीर्ष अधिकारियों और सैनिकों को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल के लिए आमंत्रित किया है। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई देश के सशस्त्र बलों की 'वीरता, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत वीरतापूर्ण प्रयासों की सराहना की जिसने राष्ट्र की रक्षा की और उसे प्रेरित किया। सैकिया ने कहा, 'उनकी सराहना के तौर पर हमने समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने और अपने नायकों को सम्मानित करने का फैसला किया है। जबकि क्रिकेट एक राष्ट्रीय जुनून बना हुआ है लेकिन हमारे देश और इसकी संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बड़ा कुछ भी नहीं है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी थल सेना प्रमुख हैं जबकि एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी नौसेना प्रमुख हैं। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह वायुसेना प्रमुख हैं। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले में 26 लोगों की पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा हत्या के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। आतंकी हमले में मारे गए अधिकतर लोग पर्यटक थे। जवाबी कार्रवाई के कारण दोनों चिर प्रतिद्वंद्वियों के बीच संक्षिप्त सैन्य टकराव हुआ था जिसके बाद भारत ने पाकिस्तान के संघर्ष विराम के अनुरोध पर अपने अभियान को रोकने पर सहमति जताई थी।

## पंजाब किंग्स से हार हमारे लिए चेतावनी की तरह है: रेयान रिकेल्टन

**जयपुर, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन ने स्वीकार किया कि पंजाब किंग्स से सात विकेट की हार एक चेतावनी की तरह है लेकिन उन्हें विश्वास है कि पांच बार की चैंपियन टीम में आईपीएल एलिमिनेटर जीतने के लिए जरूरी क्षमता है। मुंबई ने सोमवार को पंजाब



के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच में हारकर शीर्ष दो में जगह बनाने का मौका गंवा दिया। इस हार के बाद अब उसे गुरुवार को एलिमिनेटर में उतरना होगा, जहां उसका सामना गुजरात टाइटन्स या रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। रिकेल्टन ने मैच के बाद कहा, 'हमें इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। इसलिए यह हमारे लिए एक चेतावनी की तरह है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि नॉकआउट से पहले मुंबई को कुछ क्षेत्रों में सुधार करना होगा। रिकेल्टन ने कहा, 'यह अंत नहीं है। ईमानदारी से कहूं तो टीम बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है, हमें सिर्फ बल्ले, गेंद और क्षेत्ररक्षण में कुछ चीजों में और बेहतर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'हमारे पास एलिमिनेटर जीतने के लिए कौशल और अच्छे खिलाड़ी हैं। हमारे खिलाड़ी निश्चित रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे जिनमें हमें सुधार करने की जरूरत है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम अगले मैच में दमदार प्रदर्शन करेंगे।

## वैभव सूर्यवंशी की टाइमिंग से महान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टीव वॉ हैरान, करियर को लेकर दी खास सलाह

मुंबई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में सनसनी फैलाने वाले 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की शानदार टाइमिंग से हैरान आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ ने उन्हें 'सुपरनोवा बनने से बचते हुए नियंत्रण पर फोकस करने की सलाह दी है। वॉ नियमित रूप से आईपीएल नहीं देखते हैं लेकिन उन्होंने सूर्यवंशी को शानदार खिलाड़ी बताते हुए कहा कि उसे अपने पैर जमीन पर रखने होंगे। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में शतक जमाया जो टूर्नामेंट में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। वॉ ने जियो स्टार पर कहा, '14 साल की उम्र में उस पर कोई दबाव नहीं है। वह पूरी आजादी के साथ खेल रहा है जिसे देखकर अच्छा लगा। मुझे लगता है कि उसके सामने चुनौती नियंत्रण बनाए रखने की होगी।

वॉ का मानना है कि एक करोड़ से अधिक का आईपीएल करार पा चुके सूर्यवंशी 16 वर्ष के होने से पहले करोड़पति होंगे और उन पर अपेक्षाओं का काफी दबाव होगा। उन्होंने कहा, 'क्या वह इसी उत्साह से खेल सकेगा, इसी आजादी से बल्लेबाजी करेगा ? यह एक चुनौती होगी। उन्होंने कहा, 'उसके पास कौशल है और वह मानसिक रूप से मजबूत है। आप चाहते हैं कि उसके जैसा बल्लेबाज कामयाब हो। क्रिकेट के लिए यह शानदार कहानी है। मैं आईपीएल ज्यादा नहीं देखता लेकिन इस तरह का कोई खिलाड़ी आता है तो देखने का मन करता है। भारत में हर नए



बल्लेबाजी स्टार की तुलना सचिन तेंदुलकर से की जाती है लेकिन वॉ ने कहा कि सूर्यवंशी या किसी की भी तुलना उनसे नहीं होनी चाहिये क्योंकि तेंदुलकर जैसी प्रतिभा बार बार नहीं आती। पर्थ में 1991-92 में 18 वर्ष के तेंदुलकर की 114 रन की पारी आज भी याद की जाती है। वॉ ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि सचिन तेंदुलकर से किसी की भी तुलना हो सकती है। ऑस्ट्रेलिया में आकर पर्थ में शतक जड़ना जो दुनिया की सबसे कठिन पिचों में से है और जहां अधिकांश खिलाड़ी जूझते नजर आते हैं। उन्होंने कहा, 'पर्थ में इतनी कम उम्र में शतक लगाना हैरानी भरा था। सचिन तेंदुलकर जैसा दूसरा आसानी से नहीं मिल सकता।

### आईपीएल 2025:

## 54 करोड़ के इन 5 खिलाड़ियों ने बिगाड़ा KKR का खेल, अगले सीजन में छुट्टी तय !



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए आईपीएल 2025 सीजन बेहद निराशाजनक रहा. बड़ी-बड़ी उम्मीदों और मशहूर खिलाड़ियों से सजी टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई. 2024 की चैंपियन टीम ने इस बार अपने फैंस को निराश किया. लीग के आखिरी मुकाबले में भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गेंदबाज़ों ने बेहद खराब प्रदर्शन किया और 278 रन लुटा दिए. अब टीम ऐसे मोड़ पर आ चुकी है, जहां कड़े फैसले लेने की ज़रूरत है. कई महंगे खिलाड़ी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और टीम को कोई खास फायदा नहीं दिला पाए. अगले सीजन के लिए तैयारी करते हुए चयक्रको कुछ खिलाड़ियों को बिना किसी हिचकिचाहट के रिलीज़ कर देना चाहिए. यहां ऐसे 5 खिलाड़ी हैं जिन्हें चयक्र को अगले सीजन से पहले छोड़ देना चाहिए. कोलकाता ने इन 5 खिलाड़ियों पर कुल करीब 54 करोड़ की मोटी रकम खर्च की लेकिन उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा.

**1. वेंकटेश अय्यर – 23.75 करोड़ कीमत, लेकिन...**

वेंकटेश अय्यर को कोलकाता ने करीब 24 करोड़ की मोटी रकम में अपने साथ जोड़ा. लेकिन उनका प्रदर्शन न तो बल्ले से अच्छा रहा और न ही गेंदबाजी में उन्होंने अच्छा योगदान दिया. अय्यर एक भी मैच में छाप छोड़ने में नाकाम रहे. टीम को उनकी भूमिका के बारे में सोचना होगा. अय्यर ने 11 मैच में केवल 160 रन ही बनाए.

**2. आंद्रे रसेल–** एक वक्त में आंद्रे रसेल का नाम ही विरोधी टीमों में डर पैदा कर देता था, लेकिन अब वह दौर खत्म हो चुका है. इस सीजन में उन्होंने सिर्फ 167 रन बनाए और 8 विकेट लिए. 11 करोड़ में वो ना तो फिट रहे और ना ही फॉर्म में.

**3. रिंकू सिंह – 2023 का हीरो, 2025 में फ्लॉप** –रिंकू सिंह को 13 करोड़ में रिटेन किया गया था, लेकिन इस सीजन में उनका प्रदर्शन बहुत ही औसत रहा. सिर्फ 197 रन बनाए और अहम मौकों पर फेल हो गए. एक अच्छे सीजन के दम पर बार-बार मौका देना अब समझदारी नहीं है.

**4. क्विंटन डी कॉक** – डी कॉक ने पूरे सीजन में एक ही शानदार पारी खेली. राजस्थान के खिलाफ उनके बल्ले से 97 रन आए. लेकिन इसके बाद वो बुरी तरह फ्लॉप रहे. सिर्फ 143 रन बनाए. वहीं रहमानुल्लाह गुरबाज़ ज्यादा लचीलापन दिखा रहे हैं. ऐसे में डी कॉक को रिलीज़ करना सही रहेगा. क्विंटन पर कोलकाता ने 3 करोड़ से ज्यादा की रकम खर्च की.

**5. मोईन अली** – इंग्लैंड के अनुभवी ऑलराउंडर को चयक्र ने टीम में शामिल किया, लेकिन उन्होंने निराश किया. गेंदबाज़ी थोड़ी ठीक रही, लेकिन बल्लेबाज़ी में उनका कोई खास योगदान नहीं रहा. उम्र भी बढ़ चुकी है और केकेआर को अब नए विकल्प तलाशने होंगे. मोईन अली को कोलकाता ने 2 करोड़ की मोटी रकम में अपने साथ जोड़ा.

## शीर्ष दो में जगह बनाना अद्भुत, लेकिन हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है : शशांक

**जयपुर, एजेंसी।** पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह ने कहा कि टीम सामूहिक प्रयास से इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने में सफल रही लेकिन काम अभी पूरा नहीं हुआ है और उनका लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे। यह पिछले 11 वर्षों में पहला अवसर है जबकि पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ में जगह बनाई। शशांक ने कहा, 'यह वास्तव में अद्भुत अहसास है। सबसे अच्छी बात यह है कि हमने सामूहिक प्रयास से इसे हासिल किया। नीलामी के ठीक बाद हमने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया और इस साल खिताब जीतने के बारे में बात की। हमारा पहला लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना था और हमने इसे हासिल कर लिया है। इस 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने कहा कि विश्वास और कड़ी मेहनत ही उनके सपने को वास्तविकता में बदलने की कुंजी थी। उन्होंने कहा, 'अपनी बात को जाहिर करना अलग चीज है और उस पर विश्वास करना अलग।



हमने इसके लिए कड़ी मेहनत की है और इसका श्रेय पंजाब किंग्स से जुड़े हर एक व्यक्ति को जाता है। आईपीएल जैसी लीग में शीर्ष दो में रहना आसान नहीं है। शशांक ने कहा, 'शीर्ष दो में जगह बनाने से अभी काम पूरा नहीं हुआ है। हम ट्रॉफी जीतना चाहते हैं। चार जून को तड़के 12 बजे जब हम खिताब जीतने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बैठे होंगे, तो मैं कह सकता हूं कि हां, हम दुनिया में शीर्ष पर हैं। शशांक उन कुछ खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें मेगा नीलामी से पहले टीम में बरकरार रखा गया था, लेकिन टीम में आमूलचूल परिवर्तन किया गया और ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज रिकी पोंटिंग को मुख्य कोच और श्रेयस अय्यर को कप्तान बनाया गया।

उन्होंने कहा, 'पहले दिन से ही रिकी सर और श्रेयस का मुख्य आदर्श वाक्य रहा है कि हमें एक नई संस्कृति को विकसित करना है और उसे बनाए रखना है। हमें एक दूसरे पर पूरा भरोसा रखना है और फिर परिणाम खुद ही अनुकूल आएंगे। रिकी सर्वश्रेष्ठ कोच हैं। उन्होंने हमारी मानसिकता और विश्वास को बदल दिया है। खेल के प्रति हमारे नजरिए को बदलने का श्रेय उन्हें दिया जाना चाहिए।

## आईपीएल एलिमिनेटर खेलने से पहले मुंबई इंडियंस इन बातों को चाहेगी भूलना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 (सीजन 18) में हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस की शुरुआत भले ही कमजोर रही, लेकिन जसप्रीत बुमराह की वापसी ने टीम में नई जान फूंक दी। एक समय अंक तालिका में शीर्ष दो स्थानों के लिए प्रबल दावेदार मानी जा रही मुंबई इंडियंस को सोमवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस हार ने तय कर दिया कि अब मुंबई को प्लेऑफ में एलिमिनेटर मैच खेलना होगा। इतिहास गवाह है कि मुंबई इंडियंस ने पहले चार बार एलिमिनेटर मैच खेले हैं, लेकिन हर बार फाइनल तक का सफर पूरा नहीं कर पाई। क्या इस बार हार्दिक की कप्तानी में यह टीम इतिहास बदल पाएगी?

**आईपीएल का प्लेऑफ फॉर्मेट** – आईपीएल में 10 टीमें हिस्सा लेती हैं, और अंक तालिका में शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करती हैं। इनमें से शीर्ष दो टीमें (टॉप-2) को फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलते हैं। अगर वे क्वालीफायर-1 हार भी जाएं, तो क्वालीफायर-2 में उनके पास एक और मौका होता है। इस सीजन में पंजाब किंग्स ने टॉप-2 में अपनी जगह पक्की कर ली है। वहीं, तीसरे और चौथे स्थान की टीमों को खिताब जीतने के लिए लगातार तीन मैच जीतने होते हैं। इन दोनों के बीच एलिमिनेटर मैच होता है, जिसमें हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाती है, और जीतने वाली टीम क्वालीफायर-2 में प्रवेश करती है। मुंबई इंडियंस के अलावा अभी यह तय नहीं है कि एलिमिनेटर में उनकी विपक्षी टीम कौन होगी।

**मुंबई इंडियंस का प्लेऑफ इतिहास** – हार्दिक पांड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस पहली बार प्लेऑफ में पहुंची है। इससे पहले रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम ने पांच बार (2013, 2015, 2017, 2019 और 2020) आईपीएल खिताब अपने नाम किया है। मुंबई ने कुल 10 बार प्लेऑफ में जगह बनाई है, जिसमें से पांच बार टॉप-2 में रहकर खिताब जीता। सबसे पहले 2010 में सचिन तेंदुलकर की कप्तानी में मुंबई फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स ने उसे हरा दिया। इसके अलावा 2011, 2012, 2014 और 2023 में भी मुंबई प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन इन सीजनों में तीसरे या चौथे स्थान पर रहने के कारण एलिमिनेटर खेलना पड़ा। इन चार मौकों पर मुंबई कभी भी फाइनल तक नहीं पहुंच सकी।

## अल नासर छोड़ रहे हैं दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो !

### अब किस टीम की पहन सकते हैं जर्सी?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर कर अल-नासर छोड़ने का संकेत दिया है, जिससे पूरे फुटबॉल जगत में हलचल मच गई है। क्लब के सऊदी प्रो लीग के आखिरी मैच में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने गोल किया। लेकिन अल नासर, अल-फतेह से उस मैच में 3-2 से हार गई। गोल करने के एक घंटे से भी कम समय के बाद 40 वर्षीय खिलाड़ी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। रोनाल्डो का सऊदी क्लब के साथ अनुबंध 30 जून, 2025 को समाप्त होने वाला है। अब, इस स्टार फुटबॉलर के पोस्ट के बाद फैंस उनके अगले मूव के बारे में कयास लगा रहे हैं।



क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शेयर की गई अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, यह चैप्टर खत्म हो गया। कहानी? अभी लिखी जा रही है। सभी का आभारी हूं। उनके इस कैप्शन से एक ही मतलब निकल रहा है कि अल नासर के साथ उनकी जर्नी समाप्त हो गई है। कोई नई डील न होने के कारण, इस फुटबॉल आइकन का भविष्य अनिश्चित है। हालांकि, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने करियर में 1,000 गोल पूरे होने तक खेलने का वादा किया है (वह वर्तमान में 940 के करीब हैं) और वह अभी संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। वह अब किस क्लब के लिए खेलेंगे अभी तय नहीं हुआ है।

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट की रोमांचक शुरुआत, कार्लसन की सटीकता के आगे गुकेश को मिली हार

**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी।** नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट की शुरुआत बेहद शानदार रही। पहले ही दिन खेले गए मुकाबले बहुत रोमांचक थे। यह टूर्नामेंट इस साल का सबसे प्रतीक्षित शतरंज मुकाबला माना जा रहा है। दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश डोम्मराजू के बीच मुकाबला बेहद कड़ा रहा। सफेद मोहरों से खेलते हुए कार्लसन ने आखिरी चरण में अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाया। समय की कमी के कारण गुकेश से एक चूक हो गई, और कार्लसन ने खेल को अपने पक्ष में सटीक रूप से समाप्त किया। एक और दिलचस्प मुकाबला अमेरिका के दो दिग्गजों, हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना के बीच हुआ। नाकामुरा ने खेल के दौरान ड्रॉ (बराबरी) का प्रस्ताव दिया था, लेकिन कारुआना ने उसे ठुकरा दिया। अंत में नाकामुरा ने काले मोहरों से खेलते हुए यह मैच जीत लिया। वेई यी और अर्जुन एरिगैसी का मुकाबला सबसे पहले समाप्त हुआ, जो ड्रॉ रहा। इसके बाद 'आर्मागेडन' नामक दमदार गेम हुआ, जिसमें अर्जुन ने वेई यी के दबाव को अच्छे से झेला और जीत दर्ज की। महिला वर्ग में भी जबरदस्त मुकाबले हुए। भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू को हराकर दिन की इकलौती निर्णायक जीत दर्ज की।

## शुभमन गिल को आधे घंटे तक गौतम गंभीर को मनाना पड़ा, इंग्लैंड के लिए मुश्किल से हुआ इस खिलाड़ी का...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का सेलेक्शन कर दिया गया है. भारत की 18 सदस्यीय टेस्ट टीम की कमान इस बार उसके नए कप्तान शुभमन गिल के हाथों में है. बतौर कप्तान शुभमन गिल भी उस मीटिंग का हिस्सा थे, जहां टीम चुनी गई. बहरहाल, अब ये खबर आ रही है कि जिन 18 खिलाड़ियों को चुना गया है, उनमें से एक के सेलेक्शन को लेकर गौतम गंभीर खिलाफ थे. उस खिलाड़ी का सेलेक्शन बड़ी मुश्किल से इंग्लैंड दौरे की टीम इंडिया में हुआ है. उसके लिए गिल को गंभीर को राजी करने में पापड़ बेलने पड़े हैं. उन्होंने तकरीबन आधे घंटे तक समझाया है, तब जाकर हेड कोच गौतम गंभीर उस खिलाड़ी को लेने को तैयार हुए.

**इस खिलाड़ी के सेलेक्शन पर गिल-गंभीर में थी ठनी!** – अब आप सोच रहे होंगे कि वो खिलाड़ी है कौन? मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस खिलाड़ी को लेकर गौतम गंभीर और शुभमन गिल में ठन गई थी, उनका साई सुदर्शन है. हालांकि, ये थोड़ा समझ से परे भी है कि गंभीर, उनके चुने जाने के खिलाफ क्यों थे? वो भी तब जब उनका प्रदर्शन ही नहीं अच्छा है बल्कि उनके पास इंग्लैंड की



काउंटी क्रिकेट में खेलने का अनुभव भी हैं.

**शुभमन गिल के मनाने पर माने गंभीर!** – क्रिकब्लॉगर ने लिखा कि गौतम गंभीर खुद भी एक बाएं हाथ के बल्लेबाज रहे हैं, बावजूद इसके उनका साई सुदर्शन के लिए मना करना समझ से परे रहा. साई सुदर्शन के नाम की दुनिया भर के क्रिकेटर वकालत कर रहे थे, मगर लगता है गंभीर का प्लान कुछ और ही था. बहरहाल, शुभमन गिल ने आखिरकार उन्हें अपना इरादा बदलने पर मजबूर किया और फिर साई सुदर्शन को चुना गया.

**तीसरे ओपनर हो सकते हैं साई सुदर्शन** – टीम इंडिया में साई सुदर्शन का सेलेक्शन ओपनिंग स्लॉट के लिए हुआ है. ऐसा माना जा रहा है कि वो टीम के तीसरे ओपनर होंगे. साई सुदर्शन के सेलेक्शन में उनके आईपीएल और रणजी के प्रदर्शन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. वो आईपीएल 2025 में फिलहाल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में एक हैं. जबकि उन्होंने 2024-25 के रणजी सीजन में 76 की औसत से रन बनाए हैं, जि,समें एक डबल सेंचुरी भी हैं.



# ना दबाव रहा न ही मौके छीने गए, एक्टर बनने की पसंद पर बोले ईशान खट्टर

ईशान खट्टर अपनी बेहतरीन अदाकारी से बॉलीवुड में लगातार अपनी पहचान बना रहे हैं। साल 2017 में माजिद मजीदी की फिल्म बियॉन्ड द क्लाउड्स से उन्होंने एक्टिंग में डेब्यू किया है। इसके बाद उन्होंने लोगों पर अपनी अदाकारी का जादू दिखाया है। अब ईशान अपनी आगामी फिल्म होमबाउंड के साथ एक बार फिर स्क्रीन पर छाने के लिए तैयार हैं। कान 2025 में फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद ईशान ने एक इंटरव्यू में अपने करियर, पारिवारिक जीवन और अपने भाई शाहिद कपूर के साथ लगातार तुलना के बारे में बात की।

## एक्टर बनने का नहीं था दबाव

जूम के साथ बातजीत में ईशान ने खुलासा किया कि अभिनय में उनका कदम पूरी तरह से उनकी अपनी पसंद थी। उन्होंने बताया कि उन्हें कभी भी अभिनेता बनने के लिए मजबूर नहीं किया गया था उन्होंने कहा ऐसा कभी नहीं हुआ कि मुझ पर थोपा गया कि तुम्हें अभिनेता बनना है, न ही मुझसे यह मौका छीना गया कि मैं यह नहीं कर सकता। इसी बातचीत में ईशान ने अपने जीवन के निजी पहलुओं के बारे में भी बात की।

## द रॉयल्स में नजर आ चुके ईशान

ईशान खट्टर हाल ही में प्रियंका घोष और नूपुर अस्थाना द्वारा निर्देशित द रॉयल्स में नजर आए थे। सीरीज में ईशान की अदाकारी और उनके लुक की खूब चर्चा हुई। वह इसमें शर्टलेट हुए। नेटफ्लिक्स पर 9 मई से शुरू हुई आठ-एपिसोड की इस सीरीज में भूमि पेडनेकर, जीनत अमान, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, डिनो मोरियो और दूसरे लोगों ने अदाकारी की है।

## कान में दिखाई गई होमबाउंड

अब ईशान खट्टर की फिल्म होमबाउंड रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में जान्हवी कपूर, ईशान खट्टर और विशाल जेठवा हैं। इस फिल्म का विश्व प्रीमियर कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में हुआ था। नीरज घेवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म को कान में अच्छी प्रतिक्रिया मिली। प्रोग्राम में उपस्थित लोगों ने 9 मिनट तक खड़े होकर तालियां बजाईं। फिल्म ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूम मचा दी है। निर्माताओं ने अभी तक भारत में इसकी रिलीज की तारीख का एलान नहीं किया है।



# कास्टिंग काउच पर बोलीं सोफी चौधरी

बॉलीवुड इंडस्ट्री की कई ऐसी सच्चाईयां हैं जिन पर बात नहीं होती है। ऐसी ही बॉलीवुड की एक सच्चाई है कास्टिंग काउच की। कई कलाकारों ने गाहे बगाहे इस पर बात की है। अब एक्ट्रेस और गायिका सोफी चौधरी ने इस पर बात की है। उन्होंने इंडस्ट्री में अपने शुरुआती दिनों के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि लोग कैसे उनसे समझौता करने के लिए कह रहे थे।

## उस वक्त समझ नहीं आती थी बात

हॉटरफ्लाई के साथ बातचीत में सोफी ने बताया कि उन्होंने एक संगीत करियर के लिए बॉलीवुड में प्रवेश किया। वह अभिनय भी करना चाहती थीं। वह अपनी मां के साथ लोगों के साथ मिलने जातीं थीं, लेकिन उन्हें ऐसी चीजें सुनने को मिलीं कि जिन्होंने उन्हें असहज कर दिया। सोफी के मुताबिक कुछ लोग बहुत अच्छे थे लेकिन कुछ लोगों ने ऐसी बातें कहीं जो उन्हें उस वक्त समझ में नहीं आईं। सोफी ने बताया उनकी मां इस बात को लेकर अब मजाक उड़ाती हैं। वह कहती हैं कि कैसे लोग उनसे कहते थे कि समझौता करना होगा। उस समय, हमें नहीं पता था कि इसका क्या मतलब है। समय के साथ उन शब्दों के पीछे छिपे असली इरादों का पता चला। इन्हीं मांगों की वजह से हमें कई अहम मौकों से दूर रहना पड़ा।

सोफी ने साफ लफ्जों में इंडस्ट्री के कुछ लोगों को बारे में बताया अचानक वे आपसे अक्सर मिलना चाहते हैं। वह कहते हैं कि मैं अपनी नायिका को जानना चाहता हूं। वे गहरे रिश्ते के बारे में बात करेंगे और बताएंगे कि उन्हें आपकी कंपनी पसंद है। लेकिन जल्द ही, आपको एहसास होगा कि कोई फिल्म नहीं है। वे बस आपका समय बर्बाद कर रहे हैं।

## दोस्ती से दरवाजे नहीं खुलते

स्क्रीन से बात करते हुए सोफी ने कहा करण जौहर, वरुण धवन और मनीष मल्होत्रा जैसे जाने-माने दोस्त होने के बावजूद वे रिश्ते कभी भी पेशेवर में तब्दील नहीं हुए। लोग मानते हैं कि मैं उन्हें जानती हूं, इसलिए उन्होंने मेरी मदद की है। लेकिन ऐसा कभी किसी ने नहीं किया। दोस्ती से इस इंडस्ट्री में अपने आप दरवाजे नहीं खुलते। यह एक मिथक है।

# फिर स्क्रीन पर वापसी करने को तैयार सपना चौधरी

डांसर और अभिनेत्री के तौर पर पहचानी जाने वाली सपना चौधरी ने अपने फैंस को बहुत बड़ी खुशखबरी दी है। डांसर का एक नया गाना शीशा जल्द रिलीज होने वाला है, जिसकी जानकारी सपना ने अपने सोशल मीडिया पर दी है। इसे सुन यूजर्स प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सपना चौधरी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में अभिनेत्री ने अपने नए एल्बम 'शीशा' का एलान किया है, जो जल्द रिलीज होने वाला है। इसमें सपना व्हाइट ड्रेस संग सिर पर क्राउन पहने दिख रही हैं, जिसमें वो परी जैसी लग रही हैं। इस गाने को राहुल भारद्वाज द्वारा गाया गया है और एल्बम का निर्देशन साहिल संधू ने किया है। इस एल्बम को देसी गीत बैनर के तले तैयार किया गया है।

## यूजर्स ने दिए रिएक्शन

डांसर और अभिनेत्री सपना चौधरी के इस पोस्ट को देख इंस्टग्राम यूजर्स शानदार प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, नए गाने की बधाई सपना। दूसरे यूजर ने सपना के लुक पर कहा कि वो बहुत खूबसूरत लग रही हैं। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा कि सपना की झलक सबसे अलग।

## सपना चौधरी के बारे में

सपना चौधरी टीवी रियलटी शो बिग बॉस 11 में प्रतिभागी रह चुकी हैं। इसके साथ ही वो अपने कई हरियाणवी गानों से दर्शकों के बीच काफी मशहूर हैं। उनके कुछ प्रसिद्ध गानों में तेरी आंखों का काजल, चटक मटक शामिल है। इसके अलावा वह भोजपुरी और पंजाबी इंडस्ट्री में भी काम कर चुकी हैं।

# साउथ वुमन का रोल निभाने की बाधा को तोड़ना है



रे जिना कैसेंड्रा ने बॉलीवुड में उन्हें लैंग्वेज बैरियर के कारण रोल न दिए जाने पर खुलकर अपनी राय रखी है। उन्होंने सवाल किया कि जब नॉर्थ इंडियन एक्टर्स साउथ इंडियन किरदार निभा सकते हैं, तो साउथ एक्टर्स के साथ ऐसा क्यों नहीं होता? रेजिना ने दावा किया कि वह कई हिंदी भाषी लोगों से बेहतर हिंदी पढ़ और लिख सकती हैं। रेजिना ने कहा कि वह चाहती हैं कि साउथ की एक्ट्रेसेज को भी नॉर्थ इंडियन की भूमिकाएं मिलें और भाषा को कब तक एक रुकावट के तौर पर देखा जाएगा। वह कहती हैं.... अपनी हिंदी बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हूं, ताकि भविष्य में लैंग्वेज के आधार पर मुझे किसी रोल से वंचित न किया जा सके। मैं सिर्फ एक साउथ इंडियन वुमन का किरदार निभाने की बाधा को तोड़ना चाहती हूं।





# गलवान घाटी पर बेस्ड फिल्म में कर्नल बिकुमल्ला का रोल निभाएंगे सलमान

बालीवुड के सुपरस्टार सलमान खान में एक नेशनल हीरो की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, वह कर्नल बिकुमल्ला संतोष बाबू का किरदार निभाएंगे, जिन्होंने 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। इस फिल्म का निर्देशन शूटआउट एट लोखंडवाला और मिशन इस्तांबुल के निर्देशक अपूर्व लाखिया करेंगे और इसकी शूटिंग जुलाई 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। यह प्रोजेक्ट कर्नल बिकुमल्ला संतोष बाबू के वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित बताया जा रहा है, जो 16 बिहार रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर थे। 1975 के बाद पीएलए के खिलाफ कार्रवाई में शहीद होने वाले पहले भारतीय सेना अधिकारी थे। सलमान इस रोल को लेकर पूरी तरह श्योर हैं। अपूर्व ने भी फन रिपब्लिक लेन, अंधेरी, मुंबई में एक नया ऑफिस लिया है और इस प्रोजेक्ट पर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। वह पूरी तरह से तैयार हैं।

## पहले चैप्टर के लिए राइट्स हासिल कर लिए गए हैं...

कर्नल बिकुमल्ला का किरदार एक वीर है। उन्होंने कई आतंकवाद विरोधी और घुसपैठ विरोधी अभियानों में अपनी क्षमता साबित की थी। निर्देशक ने इंडियाज मोस्ट फीयरलेस 3 के पहले चैप्टर के राइट्स हासिल कर लिए हैं, जिसका टाइटल है आई हैड नेवर सीन सच फियरस फाइटिंग-द गलवान क्लैश ऑफ जून 2020। स्क्रिप्ट सुरेश नायर द्वारा चिंतन गांधी और चिंतन शाह के सहयोग से रूपांतरित की गई है और डायलॉग्स चिंतन ने ही लिखे हैं। सलमान ने पनवेल स्थित अपने फार्महाउस पर इस रोल के लिए फिजिकल ट्रेनिंग शुरू कर दी है।

## लद्दाख में 20 दिन और मुंबई में 50 दिन का शेड्यूल होगा

यह सलमान का अपूर्व के साथ पहला प्रोजेक्ट है। सलमान इस फिल्म के लिए लद्दाख के सबसे ऊंचे क्षेत्र में शूटिंग करेंगे। वह इस फिल्म में काफी फिट नजर आएंगे। लद्दाख में 20 दिनों का शेड्यूल होगा, जिसके बाद मुंबई में 50 दिनों का शेड्यूल होगा और शूटिंग पूरी हो जाएगी। फिल्म 2026 जून महीने में रिलीज होगी।

## जियो स्टूडियोज ने इससे जुड़ने का इंटरेस्ट दिखाया

इस फिल्म के लिए स्टूडियो पार्टनर के तौर पर जियो स्टूडियोज ने इंटरेस्ट दिखाया है। बैनर ने अपूर्व के साथ बातचीत शुरू कर दी है। उनका मानना है कि यह एक ऐसी कहानी है जिसे सेल्युलाइड पर बताना जरूरी है। सलमान जैसे स्टार के इससे जुड़ने के साथ, जियो के उच्च अधिकारी श्योर हैं कि फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने की संभावनाएं अधिक हैं।



# पचासों बार रिजेक्ट हुई, वो रोल न मिलता तो मैं डिप्रेशन में चली जाती

उड़ीसा में जन्मी और शिकागो में पली-बढ़ी लिसा मिश्रा आज भले मनोरंजन जगत में अपनी जमीन तलाश रही हैं, मगर उन्हें मुंबई आए 7 साल हो गए हैं। बॉलिवुड के कई मशहूर गीतों के कवर गए चुकी लिसा रे कॉल मी बे के बाद अब हालिया वेब सीरीज द रॉयल्स में भी नजर आईं। भारतीय मूल की ये अमेरिकन सिंगर-एक्टर बॉलिवुड में आगे बढ़ने को आतुर हैं और दिलजीत दोसांझ की तरह अपने सिंगिंग-एक्टिंग करियर को आगे बढ़ाना चाहती हैं।

## 13 साल की उम्र में अपना यूट्यूब चैनल खोला

लिसा का मानना है कि संगीत हमेशा उनका पहला प्यार रहा। वह कहती हैं, जब मैं शिकागो में थी, तो इंडियन क्लासिकल संगीत की विधिवत शिक्षा नहीं ले पाई, क्योंकि मेरे पास उस तरह के रिसोर्सेज नहीं थे, मगर मैं 3-4 साल की उम्र से बॉलिवुड गाने गाने लगी। बॉलिवुडका वो संगीत मेरे भीतर रह गया। मैं मात्र 13 साल की रही होऊंगी, जब मैंने पहली बार अपना यूट्यूब चैनल खोला था। तब मैं इंग्लिश गाने गाती थी, मगर ये अहसास होने में मुझे काफी समय लग गया कि मुझे हिंदी गाने गाने चाहिए। मेरा पहला गाना था कबीरा और उस कवर को गाने के बाद मुझे लगा कि बॉलिवुड गीतों की काफी फैन फॉलोइंग है। 3-4 साल तक मैं लगातार बॉलिवुड गानों के कवर गाती रही और मैंने जब वीरे दी वहडिंग का कवर तारीफ़ां और लेट मी लव यू का कवर गाया तो सोनम कपूर और उनकी निर्मात्री बहन रिया कपूर ने मुझे आधिकारिक रूप से इंडिया में आमंत्रित किया कि मैं वीरे दी वहडिंग का रीप्राइज वर्जन गाऊं। तब मुझे अहसास हुआ कि अगर मुझे अपना करियर बनाना है, तो मुझे यहीं मुंबई में रहना होगा। मैंने यहां सिंगिंग ही नहीं कंपोज़िशन और लिरिक्स राइटिंग का काम भी शुरू किया। पिछले साल मैंने अपना एक अल्बम भी जारी किया था।

## सिंगर-एक्टर बनना चाहती हूं

सिंगिंग से शुरुआत करने वाली लिसा कॉल मी बे से अपने अभिनय की यात्रा का आगाज भी कर चुकी हैं। वह कहती हैं, जैसा मैंने कहा कि संगीत हमेशा मेरा पहला प्यार रहेगा। आज हमारी इंडस्ट्री में कई सिंगर-एक्टर हैं, मगर मैं इस मामले में दिलजीत दोसांझ को अपना आदर्श मानती हूं। मैं उन्हीं की तरह गायन और अभिनय करना चाहूंगी। एक जमाना था, जब सुरैया, नूरजहां, अशोक कुमार और किशोर कुमार सरीखे सिंगर-एक्टर हुआ करते थे। आज हम जैसे कलाकार सिंगिंग और एक्टिंग करते हैं, तो लोगों को नया लगता है, मगर ये तो हम पहले से करते आए हैं। मैं सिंगर-एक्टर के रूप में अपना सफर जारी रखना चाहूंगी। आज इंडिया ही नहीं पूरी दुनिया भर में लेडी गागा, सेलेना गोम्स, विल स्मिथ सरीखे एक्टर-सिंगर छाए हुए हैं। आज मौके भी बहुत हैं और नई चीजों को स्वीकार करने की लोगों की क्षमता भी बढ़ी है।

## जीनत अमान पापा की फेवरेट हैं

लिसा को अपनी सीरीज कॉल मी बे में अनन्या पांडे और द रॉयल्स में भूमि पेडनेकर जैसी बॉलिवुड अभिनेत्रियों के साथ काम करने का मौका मिला। वह कहती हैं, मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे इतने कलाम के को-एक्टर्स मिले। मैंने कॉल में बे में अनन्या पांडे के साथ और द रॉयल्स में भूमि पेडनेकर के साथ काम किया और मैं कह सकती हूं कि दोनों ही मेरी प्यारी दोस्त हैं। वह दोनों ही बहुत देने वालों में से हैं। दोनों जानती थीं कि अभिनय में मेरे करियर का शुरुआती दौर था। यही वजह थी कि उन दोनों ने ही मेरे साथ सब्र से काम लिया। वह दोनों ही मुझे इतनी सारी सलाह देती थीं कि इस सीन में ऐसे पॉज करो, ये डायलॉग ऐसे बोलो। उन्होंने सेट पर मेरा बहुत साथ दिया। मुझे लगता है कि चूंकि हम लड़कियां हैं, तो काफी बॉन्ड हो गईं। नई सीरीज में जीनत अमान के साथ काम करने के अनुभव को लेकर वह कहती हैं, सीरीज में एक डायलॉग है, हम कुछ करते नहीं हैं, हम हैं, इस डायलॉग से पहले मेरा डायलॉग था। मुझे यकीन ही नहीं हो रहा था कि मैं उनके सामने खड़ी हूं। आपको एक मजेदार बात बताऊं, आज से दो साल पहले मैंने एक मैगज़ीन का कवर शूट किया था और उसे देखकर मेरे पापा ने कहा था कि मैं एकदम जीनत अमान जैसी दिखती हूं। उस वक्त मुझे अंदाजा हुआ कि पापा उनके कितने बड़े फैन हैं। उन्होंने जीनत अमान मैम की सभी फिल्में देखी हैं, तो जिस वक्त मैं उनके साथ शूट कर रही थी, मुझे पापा की बातें याद आ रही थी कि कुछ गलती मत करना, कई लोगों ने इस रोल के लिए ऑडिशन दिया है, मगर मिला तुम्हें है।

## रोल के लिए 6 बार ऑडिशन दिया

इंडस्ट्री में नए कलाकारों को ऑडिशन की राह से तो गुजरना ही पड़ता है। लिसा बताती हैं, मैं अब तक अनगिनत ऑडिशन दे चुकी हूं और मुझे पचासों बार रिजेक्ट किया गया है, मगर मैं इसे बुरा नहीं मानती। यह मेरी ट्रेनिंग है और इसी के जरिए मैं अपनी कमियां जान पाती हूं। मैं हमेशा ये जानने को उत्सुक रहती हूं कि अगली बार क्या सुधार करूं। अब उदाहरण के रूप में इसी रोल के लिए मैंने 6 बार ऑडिशन दिया और आखिरकार मुझे लगने लगा कि ये रोल मुझे नहीं मिलने वाला। जबकि मैं इस भूमिका को पाने के लिए बहुत ज्यादा उम्मीद कर रही थी, क्योंकि मैं जानती थी कि द रॉयल्स में बहुत बड़े सितारे हैं, जिनके साथ काम करके मैं बहुत कुछ सीखूंगी। अगर ये भूमिका मुझे नहीं मिली होती, तो मैं तो डिप्रेशन में चली जाती। खुश हूं कि मेहनत के बल पर ये चरित्र मेरे हिस्से में आया।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I. No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।